● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-Https://vindhyatiger.in ● epaper-Https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 109, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 26 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



आखिरी चरण में बिहार आ रहे राहुल गांधी 5

आईपीएल का खिताबी जंग आज 6

## आठ राज्यों की 58 सीटों पर 58.82 फीसदी मतदान



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे फेज में शनिवार को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर वोटिंग शाम 6 बजे खत्म हो गई। चुनाव आयोग के मुताबिक, शनिवार को 58 सीटों पर शाम 6 बजे तक 58.82% वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 78.19% और सबसे कम जम्मू-कश्मीर में 51.41% मतदान हुआ। पांच फेज में 429 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 56 सीटों पर वोटिंग होगी।

पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भाजपा उम्मीदवार प्रणंत टुडू पर हमला हुआ। पत्थर लगने से उनका सुरक्षाकर्मी घायल हो गया। मतदाताओं को धमकाए जाने की शिकायत मिलने के बाद टुडू गरबेटा में एक बूथ का दौरा कर रहे थे। प्रणंत टुडू की कार में भी तोड़फोड़ की गई है। भाजपा ने टीएमसी पर हमले का आरोप लगाया है।

चुनाव आयोग ने इस पर कहा- वोटिंग शुरू होने से पहले कैंडिडेट के एजेंट साइन करते हैं। इन सेंटर्स पर टीएमसी के एजेंट मौजूद नहीं थे, इसलिए सिर्फ बीजेपी एजेंट्स के साइन हैं। पश्चिम बंगाल के तमलुक में वोटिंग से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक टीएमसी समर्थक घायल हो गया। यहां से कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जज भाजपा के प्रत्याशी हैं।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग-राजौरी से पीडीपी की प्रत्याशी महबूबा मुफ्ती धरने पर बैठ गईं। उन्होंने ईवीएम के साथ छेड़छाड़ और मोबाइल फोन का आउटगोइंग कॉल बंद करने का आरोप लगाया है। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा 40, बसपा 4, बीजेडी 4, सपा 1, जदयू 3, टीएमसी 3, एलजेपी और आजसू ने 1-1 सीट जीती थीं। कांग्रेस और आप को एक भी सीट नहीं मिली थी। हरियाणा की रोहतक लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बहुत अच्छा रुझान है, लोग शांतिपूर्वक तरीके से मतदान में हिस्सा ले रहे हैं। पूरे प्रदेश में लोगों का रुझान बदलाव का है। हरियाणा प्रदेश के उज्वल भविष्य और लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी लोगों का रुझान कांग्रेस के प्रति है। उन्होंने आगे कहा कि रोहतक समेत हरियाणा की 10 की 10 सीटें हम जीतेंगे।

पश्चिम बंगाल की दुर्गापुर लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार दिलीप घोष ने कहा की जहां भी टीएमसी हार रही है, वे हिंसक हमले कर रहे हैं। वे मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

बीजेपी आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने टीएमसी पर झारग्राम के भाजपा प्रत्याशी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी बंगाल में लोकतंत्र की हत्या कर रही हैं। लोगों को वोट डालने से रोकने के प्रयासों के बावजूद पश्चिम बंगाल में देश भर में सबसे अधिक मतदान हुआ है। लोग टीएमसी को बाहर करने के लिए वोट कर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में एक कश्मीरी हिंदू वीर सराफ ने कहा कि मैंने 32 साल बाद कश्मीर में अपना वोट डाला है। मैं अल्पसंख्यक समुदाय से हूं, जो आमतौर पर यहां अक्सर नहीं आता है। लेकिन अब स्थिति बदल गई है।

## लैंड फॉर जॉब स्कैम वालों का काउंटडाउन शुरू: मोदी

### लालटेनियों ने अपना घर रोशन किया, सभी शहजादे अब छुट्टी पर जाएंगे

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 25 मई को पटना, काराकाट और फिर बक्सर में चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सुबह 11 बजे पटना के बिक्रम में रामकृपाल यादव के समर्थन में सभा की। इस दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि लालटेनियों ने पूरे बिहार को अंधेरे में रखा, सिर्फ अपने परिवार के लोगों को रोशनी पहुंचाई।



इसके बाद प्रधानमंत्री करीब डेढ़ बजे काराकाट पहुंचे। यहां उपेंद्र कुशवाहा के लिए उन्होंने वोट मांगा। इस दौरान उन्होंने लालू और तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला। पीएम ने कहा कि बिहार के लोगों से नौकरी के बदले जमीन लेने वाले लोगों का जेल का काउंटडाउन शुरू हो गया है। हेलिकॉप्टर का चक्कर खत्म होते ही इनके लिए जेल का रास्ता खुल जाएगा। इसके बाद पीएम करीब 3 बजे बक्सर पहुंचे। यहां बीजेपी कैंडिडेट मिथिलेश तिवारी के समर्थन में उन्होंने सभा की। पीएम वे कहा कि आज की वोटिंग के बाद इंडी गठबंधन के गुब्बारे की सारी हवा निकल चुकी है। अब साफ दिखता है सारे शहजादों का शटर गिरने वाला है। बिहार के शहजादे अब आराम से जमानत, अमानत का काम देखेंगे। कांग्रेस के शहजादे ने भी छुट्टियों की तैयारी शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के शहजादे को सदमा लगने वाला है, उन्होंने कहा कि बनारस में मोदी चुनाव हारने वाला है और उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें इंडी गठबंधन जीत रहा है। अब पता नहीं यह बार-बार साइकिल पंक्चर होने का सदमा है या कांग्रेस के शहजादे की संगत का असर है। कांग्रेस देश को अपनी जायदाद समझती है। कहते हैं शहजादे ही इकलौते प्रधानमंत्री हैं।

## 6 राज्यों में लू का रेड अलर्ट, राजस्थान में 3 दिन में 19 मौतें

**नई दिल्ली।** आज 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है। यह 2 जून तक रहेगा। इस दौरान देश के कुछ हिस्सों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग ने आज दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के लिए लू (हीटवेव) का रेड अलर्ट जारी किया है। ज्योतिष के हिसाब से सूर्य कृतिका से रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तब से नौ दिन तक नौ तपा होता है।

उत्तर भारत में शुक्रवार को औसत अधिकतम तापमान 49 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान में गर्मी से गुरुवार को 9, शुक्रवार को 5 और शनिवार को 5 मौतें हुईं। राज्य में 3 दिन में यह आंकड़ा 19 हो गया है। भोपाल-हैदराबाद इंडिगो की फ्लाइट शुक्रवार को एक घंटे देरी से रवाना हुई। बताया गया कि बाहर का तापमान ज्यादा होने के चलते इंजन रिस्ट्रिक्टेड मोड में चला गया था।

उधर, कश्मीर घाटी में भी तापमान बढ़ा है। यहां 23 मई को अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह 11 साल में सबसे ज्यादा रहा। 25 मई 2013 को 32.2 डिग्री सेल्सियस था। शुक्रवार को देश की पावर डिमांड बढ़कर सीजन के सबसे ऊंचे स्तर 239.46 जीडब्ल्यू पर पहुंच गई। पावर मिनिस्ट्री के डेटा के मुताबिक, गुरुवार को पावर डिमांड 236.59 जीडब्ल्यू , बुधवार को 235.06 जीडब्ल्यू थी। पिछले साल पावर डिमांड का ऑल आइम हाई 243.27 जीडब्ल्यू सितंबर 2023 में रिकॉर्ड किया गया था। इस साल गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूटने की संभावना है।

जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। राजस्थान में सफाई कर्मचारियों से सुबह 5 से 10 बजे तक ही काम करने को कहा गया है। मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली में डॉक्टरों ने मरीजों और बुजुर्गों से दिन में यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। हिमाचल के कांगड़ा जिले के सभी स्कूलों में 25 मई को छुट्टी कर दी गई है। यहां शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा।

एमपी ट्रैफिक पुलिस ने इंदौर के चौराहों पर रेड लाइट का ड्यूरेशन कम कर दिया, ताकि लोगों को धूप में कम रुकना पड़े। आगरा, भोपाल, जोधपुर, लखनऊ समेत कई शहरों में चौराहे पर टेंट लगाए गए हैं, ताकि सिग्नल के इंतजार में उन्हें राहत मिल सके।

## दिल्ली के बाद अब केरल में शराब नीति पर विवाद

**तिरुवनंतपुरम।** दिल्ली शराब नीति में हुए कथित घोटाले की चर्चा पूरे देश में है, अब केरल में भी शराब नीति घोटाला होने का दावा किया जा रहा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने शराब नीति के कथित घोटाले का आरोप लगाते हुए राजस्व और पर्यटन मंत्री के इस्तीफे की मांग की है।

यूडीएफ ने ये भी मांग की है कि क्राइम ब्रांच के बजाय शराब नीति घोटाले की न्यायिक जांच कराई जाए, तभी असल सच्चाई सामने आ सकेगी। यूडीएफ का आरोप है कि शराब नीति में कई करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। दरअसल केरल की लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट की सरकार अपनी ड्राई डे नीति को खत्म करने पर विचार कर रही है। अभी केरल में हर महीने की पहली तारीख को ड्राई डे होता है। जैसे ही ये रिपोर्ट सार्वजनिक हुईं केरल में राजनीतिक हंगामा शुरू हो गया है। यूडीएफ ने आरोप लगाया कि एलडीएफ सरकार ने ड्राई डे नीति को खत्म करने के एवज में राज्य के बार मालिकों से करोड़ों रुपये की रिश्वत ली है। यूडीएफ नेता एमएम हसन ने कहा कि राज्य के पर्यटन मंत्री पीए मोहम्मद रियास ने शराब नीति को बदलने के लिए दबाव बनाया। यूडीएफ के अनुसार, इस मामले में राजस्व मंत्री एम बी राजेश ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। यूडीएफ का आरोप है कि पर्यटन मंत्री को बचाने के लिए पुलिस में शिकायत की गई है। मोहम्मद रियास राज्य के सीएम पी विजयन के दामाद हैं। यूडीएफ के इस दावे की वजह एक वायरल ऑडियो क्लिप है, जो कथित तौर पर बार मालिकों की एसोसएशन के सदस्य की बताई जा रही है। इस ऑडियो क्लिप में कहा गया है कि अपने मन मुताबिक शराब नीति बनवाने के लिए पैसे देने पड़ेंगे।

## देश में डिजिटल हाउस अरेस्ट साइबर क्राइम में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** देश में साइबर क्राइम तेजी से बढ़ता जा रहा है। लोगों को निशाना बनाने के लिए नए-नए तरीके खोजे जा रहे हैं। धोखाधड़ी के लिए एक नया तरीका डिजिटल हाउस अरेस्ट काफी इस्तेमाल किया जा रहा है। रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट से पता चला है कि 2023 के दौरान देश में 30 हजार करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी हुई। हाउस अरेस्ट में नकली पुलिस स्टेशन, सरकारी कार्यालय स्थापित करने और ईडी जैसी वर्दी पहनने जैसे हथकंडे भी अपनाए जा रहे हैं।

## चक्रवाती तूफान के चलते कोलकाता बंदरगाह पर कामकाज रहेगा बंद

**कोलकाता।** चक्रवाती तूफान रेमल के चलते कोलकाता बंदरगाह या श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर रविवार रात को कामकाज बंद रहेगा। इस दौरान सभी कार्गो जहाज और कंटेनर संबंधी ऑपरेशन रविवार शाम लेकर अगले 12 घंटे तक बंद रहेंगे। बंदरगाह पर काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा को देखते हुए यह फैसला किया गया है। कोलकाता बंदरगाह के अध्यक्ष रातेंद्र रमन ने शनिवार को एक बैठक की, जिसमें चक्रवाती तूफान के असर को लेकर और तूफान संबंधी तैयारियों को परखा। बैठक में अध्यक्ष ने अधिकारियों को तूफान से बचाव के लिए हरसंभव तैयारी करने को कहा। बंदरगाह पर रेलवे संचालन भी बंद रहेगा। बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान रेमल रविवार रात को बंगाल के तट से टकरा सकता है। इसी दौरान यह बांग्लादेश के तट से भी टकराएगा। तूफान के चलते 110-120 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव अब चक्रवाती तूफान में बदल गया है। मौसम विभाग के अनुसार, यह तूफान 26 मई की रात बंगाल और बांग्लादेश के तट से टकरा सकता है।

## बांग्लादेशी सांसद की हत्या मामले में दूसरे दिन भी सीआईडी की तलाशी जारी

**कोलकाता।** बांग्लादेशी सांसद की कलकत्ता में हत्या का मामला इन दिनों विवादों में है। सीआईडी हत्याकांड की जांच कर रही है। इस बीच शनिवार को लगातार दूसरे दिन सीआईडी भंगार इलाके में तलाशी लेने पहुंची। सीआईडी सांसद के शरीर के बाकी हिस्सों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है। सीआईडी ने बताया था कि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वह पेशे से कसाई है।

सीआईडी ने एक दिन पहले आरोपी को बारासात जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया था। सीआईडी ने मामले में बड़ा खुलासा करते हुए बताया था कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सांसद अनार के दोस्त ने ही हत्या के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी। सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने गुरुवार को बताया था कि यह एक सुनियोजित हत्या है। सांसद के एक पुराने मित्र ने ही उन्हें मारने के लिए सुपारी दी थी। करीब पांच करोड़ की सुपारी थी। उनका दोस्त एक अमेरिकी नागरिक है, जिसका कोलकाता में एक फ्लैट है। एक दिन पहले उन्होंने कहा था कि अभी तक विदेशी सांसद का शव बरामद नहीं हो पाया है। 'क्या पुलिस को फ्लैट में खून के धब्बे मिले हैं' इस सवाल पर सीआईडी के अधिकारी ने बताया कि हमारी फोरेंसिक टीम घटनास्थल की जांच कर रही है। इस बारे में बोलना अभी जल्दबाजी होगी। बांग्लादेश के गृहमंत्री असदुज्जामां खान ने बुधवार को कहा था कि अनार 13 मई से लापता हैं। वे कोलकाता में थे। तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

बांग्लादेशी सांसद इलाज के लिए कोलकाता आए थे। उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सांसद अजीम 12 मई को कोलकाता पहुंचे थे और शहर के उत्तरी इलाके में बारानगर में अपने दोस्त के घर पर ठहरे थे। 13 मई को वह किसी से मिलने गए लेकिन वापस नहीं लौटे। मामले का खुलासा 18 मई को हुआ, जब बांग्लादेशी सांसद के परिचित गोपाल बिस्वास ने थाने में उनके लापता होने की जानकारी दी। अनार कोलकाता में बिस्वास के घर पर ही रुके थे। बिस्वास ने दावा किया कि सांसद 17 मई से उनके संपर्क में नहीं थे। इसलिए उन्होंने एक दिन बाद गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। उनके फोन से परिवार के सदस्यों को संदेश भेजे गए थे कि वह नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। उनका कोई पता नहीं है। पश्चिम बंगाल सीआईडी ने हत्या के पीछे हनी ट्रैप की आशंका जताई है।

## पुणे एक्सीडेंट केस-आरोपी के दादा को 3 दिन पुलिस कस्टडी

**पुणे।** पुणे पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पोर्श एक्सीडेंट केस में शनिवार (25 मई) को नाबालिग आरोपी के दादा सुरेंद्र अग्रवाल को गिरफ्तार किया। कोर्ट ने उसे 28 मई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। उस पर फैमिली ड्राइवर को बंधक बनाने का आरोप है। इस मामले में नाबालिग के पिता विशाल अग्रवाल भी आरोपी है। पुलिस ने उसे 21 मई को गिरफ्तार किया था।

क्राइम ब्रांच के अधिकारी के मुताबिक, 18-19 मई की रात हादसे के बाद आरोपी के दादा और पिता ने नाबालिग को बचाने के लिए ड्राइवर को फंसाने की प्लानिंग की थी। ड्राइवर की शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 365 (गलत तरीके से कैद करने के इरादे से अपहरण करना) और 368 (गलत तरीके से छिपाना या कैद में रखना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

42 साल के ड्राइवर ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि घटना के तुरंत बाद मुझे सुरेंद्र अग्रवाल का फोन आया। वह फोन पर पहले चिल्लाए। फिर अपनी बीएमडब्ल्यू कार में जबरन बिठाकर मुझे अपने बंगले ले गए।

## झरोखा




## राजकोट में गेम जोन में आग, 24 की मौत, मरने वालों में 12 बच्चे शामिल




**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में टीआरपी गेम जोन में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। घटना की जानकारी होते ही मौके पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिशें शुरू की। मिली जानकारी के मुताबिक, इस अग्निकांड में बच्चों सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। राजकोट नगर निगम आयुक्त आनंद पटेल ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर गर्मी की छुट्टियों के कारण बड़ी संख्या में मौके पर मौजूद थे। मृतकों और घायलों की सही संख्या बचाव अभियान पूरा होने के बाद ही पता चलेगा। वहीं, सीएम भूपेंद्र पटेल ने भी इस हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने नगर निगम और प्रशासन को तत्काल बचाव और राहत कार्य के निर्देश दिए हैं।

इस बारे में मुख्य अग्निशमन अधिकारी आई.वी. खेर ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। अभी तक किसी के लापता होने की कोई सूचना नहीं है। संरचना ढहने और हवा ज्यादा होने के कारण आग बुझाने में तकलीफ हो रही है। इस घटना पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने ट्वीट कर जानकारी दी है। उन्होंने बताया किराजकोट में गेम जोन में आग लगने की घटना में नगर निगम और प्रशासन को तत्काल बचाव और राहत कार्य के निर्देश दिए गए हैं।

## बिजली की डिमांड का रिकॉर्ड टूटा, कई जिलों में अघोषित कटौती कर रही परेशान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में चढ़ते पारे के साथ बिजली की आंख-मिचौली ने जीना मुश्किल कर दिया है। पंखों ने तो पहले ही हाथ खड़े कर दिए थे। अब कूलर भी राहत देने में नाकाफी साबित हो रहे हैं। ऐसे में एयरकंडीशनर का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। बिजली की डिमांड पुराने रिकॉर्ड तोड़ रही है। वहीं, ज्यादातर जिलों में अघोषित कटौती ने लोगों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। सरकार का दावा है कि कटौती नहीं हो रही है। जितनी बिजली चाहिए, उतनी उपलब्ध है।



भोपाल के बैरागढ़ में बिजली कटौती से तंग आकर लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदेश के अन्य जिलों से भी बिजली कटौती के विरोध की खबरें सामने आ रही है। इस बीच ऊर्जा विभाग का कहना है कि 23 मई को बिजली की अधिकतम मांग 13 हजार 955 मेगावाट दर्ज की गई। यानी 30.74 करोड़ यूनिट सप्लाई की गई। यह पिछले साल गर्मी में दर्ज पीक डिमांड से अधिक है। पिछले साल 19 मई 2023 को पीक डिमांड 12286 मेगावॉट थी, उस समय 26.68 करोड़ यूनिट सप्लाई हुई थी। हालांकि, गर्मी बढ़ने के साथ ही प्रदेश में बिजली की मांग भी बढ़ रही है। ऊर्जा विभाग के एसीएस मनु श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में बिजली की पर्याप्त व्यवस्था है। कहीं भी बिजली की कमी से कोई कटौती नहीं की जा रही है। यदि कहीं बिजली जाने की शिकायत है तो वह संबंधित क्षेत्र में तकनीकी दिक्कत के कारण हो सकती है।

मध्य प्रदेश के अधिकांश शहरों में पारा 40 डिग्री या उससे ऊपर चल रहा है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घरों में 24 घंटे एसी, कूलर और पंखे का उपयोग कर रहे हैं। इससे बिजली की खपत भी बढ़ गई है। लगातार मांग बढ़ने से बिजली उत्पादन भी दबाव भी बढ़ा है। बिजली की उपलब्धता न होने से कई इलाकों में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। हालांकि, सरकारी अधिकारी बिजली कटौती की बात से इनकार कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में दिन तो दिन रात में भी बिजली कटौती हो रही है।

सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेंद्र अग्रवाल का कहना है कि जो सरकार दे रही है, वह डिमांड के नहीं बल्कि सप्लाई के हैं। प्रदेश में अघोषित कटौती के आंकड़े ही नहीं दिए जा रहे हैं। प्रदेश में डिमांड 15 हजार मेगावाट से अधिक हो गई है। इसकी तुलना में 14 हजार मेगावाट तक ही उत्पादन हो पा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही डिमांड बढ़ती जाएगी। इससे अघौषित कटौती भी बढ़ना तय है।

23 मई 2024 के आंकड़ों के अनुसार 4570 मेगावॉट क्षमता के ताप विद्युत गृहों से 4070 मेगावाट बिजली उत्पादन किया गया। 2706 मेगावाट की क्षमता के पनबिजली संयंत्रों से 940 मेगावॉट, 2428 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्रों से 977 मेगावाट और 1670 मेगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता से 1204 मेगावाट उत्पादन किया गया है। इसके अलावा एनटीपीसी से पांच हजार मेगावाट, रिलायंस पॉवर के सासन प्रोजेक्ट से 1350 मेगावाट की सप्लाई हो रही है।

## संपादकीय

# लापरवाही की इंतिहा

देश की सांस्कृतिक राजधानी कहलाने वाले शहर पुणे में पिछले दिनों एक लग्जरी कार से हुई सड़क दुर्घटना का जो मामला सामने आया, वह हमारे शहरी जीवन और व्यवस्था से जुड़ी दुर्भाग्यपूर्ण विसंगतियां उजागर करता है। गनीमत है कि मीडिया में हुए शोरगुल के बाद ही सही, केस को पटरी पर लाने के प्रयास शुरू हो गए हैं। मामले से जुड़ी शुरुआती सूचनाएं इस बात की ओर ध्यान खींचती हैं कि कैसे हमारे समाज का एक तबका नियम-कानून को अपनी जेब में लिए चलता है। मामले का मुख्य आरोपी एक नाबालिग है, जो पुणे के एक जाने-माने बिल्डर का बेटा है। अमीर पिता ने यह महंगी गाड़ी अपने नाबालिग बेटे के हवाले कर दी थी। इस साल मार्च में खरीदी गई इस गाड़ी पर लाइसेंस नंबर तक नहीं था क्योंकि रोड टैक्स के 44 लाख रुपये नहीं दिए गए थे। गाड़ी चला रहे नाबालिग लड़के के पास कोई ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। यही नहीं, मिली सूचनाओं के मुताबिक दुर्घटना से पहले यह लड़का एक नहीं दो अलग-अलग बार में जाकर शराब पीता है। ध्यान रहे कि महाराष्ट्र में शराब पीने की न्यूनतम उम्र 25 साल है, लेकिन बार में कोई भी यह पता करने की जरूरत नहीं समझता कि शराब मांगते इस लड़के की उम्र शराब पीने की हुई है या नहीं। खास बात यह कि शराब पीकर गाड़ी चलाने और दुर्घटना में दो लोगों की मौत से जुड़े इस मामले में आरोपी को जमानत मिलने में भी कोई दिक्कत नहीं हुई। पुलिस ने जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने आवेदन दिया था कि उसे इस मामले में आरोपी के साथ वयस्क की तरह व्यवहार करने की इजाजत दी जाए। लेकिन इस आवेदन को अलग रखकर बोर्ड ने आरोपी को जमानत दे दी। उसे हादसे पर एक निबंध लिखने और 15 दिनों तक यातायात पुलिस की मदद करने को कहा गया। स्वाभाविक ही इस पूरे घटनाक्रम के सामने आने के बाद इस पर कड़ी प्रतिक्रियाएं आने लगीं। इन्हें संज्ञान में लेते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने भी माना कि बोर्ड का रुख घटना की गंभीरता के अनुरूप नहीं है। पुलिस ने इस मामले में ऊपरी अदालत का रुख किया है। इस बीच बिल्डर पिता समेत कई और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बात सिर्फ कुछ गिरफ्तारियों की नहीं है। बड़ा सवाल यह है कि क्या वाकई हमारे सरकारी तंत्र का निचला हिस्सा लुंजपुंज और अप्रभावी होता जा रहा है।

# चुनावी रणभूमि से भाषा की मर्यादा, देश के विकास व आम जनमानस के हित के मुद्दे गायब क्यों?

**भारतीय राजनीति में गली मोहल्ले से लेकर के देश के सर्वोच्च पद तक के चुनावों में आम जनमानस के हितों को पूरा करने की बात का जिक्र हमारे सभी चुनाव लड़ने व लड़वाने वाले लोगों के द्वारा बार-बार ढिंढोरा पीट-पीट कर किया जाता है। इन चंद लोगों के लिए देशहित के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की बात कहना एक बड़ा अहम चुनावी स्टंट बन गया है। लेकिन यह अलग बात है कि चुनाव जीतते ही देश व आम जनमानस के हित के लिए बड़ी-बड़ी बातें करने वाले इन अधिकांश लोगों के लिए चुनावी वायदे मात्र एक चुनावी जुमला बन करके रह जाते हैं ।**





(दीपक कुमार त्यागी)

इस बार के लोकसभा चुनावों में देश में एक अजीबोगरीब माहौल देखने को मिल रहा है, देश के अधिकांश राजनीतिक दल जनता बीच जाते समय अपनी-अपनी पार्टी के मेनिफेस्टो की खूबियां बताने की जगह एक दूसरी पार्टी के मेनिफेस्टो की खामियों को गिनवाने में ज्यादा व्यस्त हैं।

भारतीय राजनीति में गली मोहल्ले से लेकर के देश के सर्वोच्च पद तक के चुनावों में आम जनमानस के हितों को पूरा करने की बात का जिक्र हमारे सभी चुनाव लड़ने व लड़वाने वाले लोगों के द्वारा बार-बार ढिंढोरा पीट-पीट कर किया जाता है। इन चंद लोगों के लिए देशहित के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की बात कहना एक बड़ा अहम चुनावी स्टंट बन गया है। लेकिन यह अलग बात है कि चुनाव जीतते ही देश व आम जनमानस के हित के लिए बड़ी-बड़ी बातें करने वाले इन अधिकांश लोगों के लिए चुनावी वायदे मात्र एक चुनावी जुमला बन करके रह जाते हैं और देश पर सर्वस्व न्यौछावर करने की बात करने वाले यह लोग स्वयं पर ही सर्वस्व न्यौछावर करते हुए अपने हित साधने के लिए लिए देश को भी दांव पर लगाने से बाज नहीं आते हैं। वैसे देश के चुनावी रणों को देखा जाये तो हर स्तर के चुनावों में हमेशा कुछ तो लोकलुभावन वायदे व घोषणाएं हमेशा से ही रहती आयी है, जिन वायदों व घोषणाओं के झांसे में आकर के निष्पक्ष रहने वाला मतदाता किसी एक पक्ष को वोट दे कर के चुनावी समर में इनको जीत दिलवा देता है। लेकिन इस बार के लोकसभा चुनावों को देखें तो पूरे चुनाव प्रचार में मेनिफेस्टो को छोड़ कर के अब तक आम जनमानस को ज्यादा कुछ वायदों का पिटारा हासिल नहीं हो पाया है। देश में अब तक के चरणों के संपन्न हुए लोकसभा के चुनाव प्रचार में गिरती भाषा की मर्यादा, उटपटांग, ऊल-जलूल, कपोल-कल्पित तथ्यहीन बातों व आरोप-प्रत्यारोप का जबरदस्त बोलबाला रहा है, जो प्रगतिशील भारत व सभ्य समाज के लिए किसी भी हाल में उचित नहीं हैं।

इस बार के लोकसभा चुनावों में देश में एक अजीबोगरीब माहौल देखने को मिल रहा है, देश के अधिकांश राजनीतिक दल जनता बीच जाते समय अपनी-अपनी पार्टी के मेनिफेस्टो की खूबियां बताने की जगह एक दूसरी पार्टी के मेनिफेस्टो की खामियों को गिनवाने में ज्यादा व्यस्त हैं। देश की चुनावी रणभूमि में अब तो पूरा का पूरा चुनाव प्रचार जाति-धर्म, आरक्षण व संविधान खतरे में है, पाकिस्तान जैसे विफल देश के कपोल-कल्पित खतरे आदि के बिना सिर-पैर के मुद्दों में अटक कर रह गया है। जो स्थिति भविष्य में देश की एकता, अखंडता, सर्वांगीण विकास और विकसित भारत के सपने में एक बड़ी बाधा बन सकती है।

वैसे जब कुछ माह पूर्व देश में जिस वक्त हमारे आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अयोध्या धाम में दिव्य व भव्य मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक समारोह चल रहा था, तो उस वक्त अधिकांश लोगों को लगता था कि अबकी बार देश के लोकसभा के चुनावी समर में सनातन धर्म के सभी अनुयायियों के बीच जातियों की सीमाएं पूरी तरह से समाप्त हो जायेगी और लोकसभा चुनावों की रणभूमि में केवल और केवल विकास के मुद्दों पर जगह-जगह विस्तार से चर्चा होगी। जाति-धर्म, आरक्षण आदि पर बोले जाने वाले तरह-तरह के चुनावी जुमले इस बार पूरी तरह से चुनाव प्रचार से गायब होंगे। लेकिन अफसोस जैसे-जैसे चुनावी रणभूमि में पक्ष-विपक्ष की सेनाएं आमने-सामने आयी वैसे-वैसे ही विकास व आम जनमानस से जुड़े मुद्दे ना जाने एक-एक करके कैसे कहां गायब हो गये और उनकी जगह जाति की आड़ में लोगों को बरगलाने वाले जहरीली बयानों ने ले ली, धर्म के नाम पर आम जनमानस की भावनाओं से खेलने वाले माहौल ने ले ली। जब चुनाव कुछ आगे बढ़ा तो देश में अचानक से ही आरक्षण ख़तरे में व संविधान ख़तरे में आ गया और सभी को उसी में उलझाकर के रख दिया। वैसे देखा जाये तो इस बार के चुनावों में देश को नयी दिशा देने का दंभ भरने वाले अधिकांश लोगों ने पूरे चुनाव प्रचार में आम जनमानस के हित को पीछे छोड़ करके समाज के आपसी प्यार व भाईचारे से ओतप्रोत सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने की क़सम खा ली है। इन चंद लोगों ने अपने क्षणिक स्वार्थ की पूर्ति करने के लिए जरा भी यह नहीं सोचा है कि उनके द्वारा बोयी जा रही इस बेहद ही जहरीली फ़सल का परिणाम भविष्य में देश के आम जनमानस को ना जाने कितने दशकों तक भोगना पड़ेगा और सबसे बड़ी चिंताजनक बात यह रही हैं कि चुनाव आयोग की मशीनरी चुनाव प्रचार के दौरान इस सब पर लगाम लगाने में अब तक तो पूरी तरह से विफल रही है। वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार व राजनीतिक विश्लेषक।

# भारत आकर ही भगवान बुद्ध को गहराई से जानना संभव

**1956 में भगवान बुद्ध का गहराई से अध्ययन करने के लिए भारत आई थीं। एक बार यहां आईं, तो उनका गांधीवाद से भी साक्षात्कार हो गया। उसके बाद तो उन्होंने भारत में ही बसने का निर्णय ले लिया। 86 साल की कात्सू सान कहती हैं कि बुद्ध को सही ढंग से जानना है, तो भारत में आना ही चाहिए। यहां आकर बुद्ध और गांधी, दोनों मिल जाते हैं। मगर श्रीलंका और थाईलैंड जैसे देशों में हर साल बौद्ध धर्म के करोड़ों अनुयायी विहारों के दर्शन के लिए पहुंचते हैं, जबकि हमारे यहां साल में एक करोड़ पर्यटक भी नहीं आते। यह स्थिति तब है, जब श्रीलंका मानता है कि बौद्ध धर्म उसे उपहार में भारत से ही मिला। जाहिर है, श्रीलंका के साथ-साथ थाईलैंड को भी बौद्ध पर्यटकों से हर वर्ष भारी मात्रा में विदेशी मुद्राएं मिलती होंगी।**

(आर के सिन्हा, वरिष्ठ स्तंभकार और पूर्व सांसद )



कात्सू सान राजधानी दिल्ली में राजघाट पर हर साल 2 अक्तूबर और 30 जनवरी को आयोजित होने वाली सर्व-धर्म प्रार्थना सभाओं में उपस्थित रहती हैं। वह लगभग 55 वर्षों से इन सभाओं में बौद्ध धर्मग्रंथों से प्रार्थनाओं का पाठ करती हैं। वह मूलत- जापानी नागरिक हैं। 1956 में भगवान बुद्ध का गहराई से अध्ययन करने के लिए भारत आई थीं। एक बार यहां आईं, तो उनका गांधीवाद से भी साक्षात्कार हो गया। उसके बाद तो उन्होंने भारत में ही बसने का निर्णय ले लिया। 86 साल की कात्सू सान कहती हैं कि बुद्ध को सही ढंग से जानना है, तो भारत में आना ही चाहिए। यहां आकर बुद्ध और गांधी, दोनों मिल जाते हैं। मगर श्रीलंका और थाईलैंड जैसे देशों में हर साल बौद्ध धर्म के करोड़ों अनुयायी विहारों के दर्शन के लिए पहुंचते हैं, जबकि हमारे यहां साल में एक करोड़ पर्यटक भी नहीं आते। यह स्थिति तब है, जब श्रीलंका मानता है कि बौद्ध धर्म उसे उपहार में भारत से ही मिला। जाहिर है, श्रीलंका के साथ-साथ थाईलैंड को भी बौद्ध पर्यटकों से हर वर्ष भारी मात्रा में विदेशी मुद्राएं मिलती होंगी।

भारत में जगह-जगह भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों के साथ-साथ एक समृद्ध बौद्ध विरासत है। भगवान बुद्ध का जहां जन्म हुआ, यानी लुंबिनी भले समझौते के तहत अंग्रेजों ने नेपाल को सौंप दिया, लेकिन बोधगया (जहां बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया), सारनाथ (जहां से बुद्ध ने दिव्य ज्ञान देना शुरू किया), कुशीनगर (जहां बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ) और दीक्षा भूमि नागपुर अपने देश में ही है। इतना ही नहीं, यहां के चप्पे-चप्पे पर बुद्ध के महत्वपूर्ण प्रतीक मिलेंगे। ऐसे में, अपने यहां दुनिया भर से कम संख्या में बौद्ध अनुयायियों का आना चौंकाता है। पिछले वर्ष जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में लेकर गए थे। दरअसल, बुद्ध जयंती पार्क भगवान बुद्ध के निर्वाण के 2500वें वर्ष के स्मरणोत्सव के समय 1959 में तैयार किया गया था। यहां एक पीपल वृक्ष है, जिसका सीधा संबंध भगवान बुद्ध से माना जाता है। असल में, जिस पीपल के पेड़ के नीचे भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया था, उसकी एक टहनी सम्राट अशोक के पुत्र ने श्रीलंका में भी रोप दिया था। साल 1964 में श्रीलंका की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती सिरिमाओ भंडारनायके ने इस वृक्ष की एक टहनी भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भेंट की थी। उन्होंने उस टहनी को बुद्ध जयंती पार्क में लगाया, जो आज एक वृक्ष बन चुका है। इस पार्क में भगवान बुद्ध की जो सुंदर प्रतिमा दिखती है, उसे दलाई लामा ने भेंट किया था। फिर भी, शायद ही कोई पर्यटक यहां आता है।

स्पष्ट है, हमें भगवान बुद्ध से जुड़े तमाम स्थलों तक पर्यटकों को लाना होगा। हमें ठोस प्रयास करने होंगे, ताकि जापान, दक्षिण कोरिया, ताईवान, जापान, थाईलैंड, श्रीलंका, वियतनाम जैसे बौद्ध धर्म मानने वाले देशों के पर्यटक भगवान बुद्ध से जुड़े भारतीय स्थलों पर पहुंचे। बिहार तो बुद्ध की भूमि मानी जाती है। बोधगया-राजगीर-नालंदा-वैशाली-कुम्हरार सर्किट देश के खास पर्यटन स्थलों में से एक हैं। इधर दक्षिण-पूर्व एशिया, श्रीलंका, जापान वगैरह से पर्यटक आते रहे हैं। इसी वजह से कुछ साल पहले थाई एयरवेज, मिहिन लंका, भूटान की ड्रुक एयर, म्यांमार एयरवेज इंटरनेशनल, म्यांमार एयरवेज ने बोधगया के लिए उड़ानें भरनी शुरू कर दी थीं, पर इनमें से ज्यादातर कम यात्रियों के कारण बंद कर दी गईं।

राजधानी दिल्ली आने वाले बौद्ध धर्मावलंबियों को हमें उस बुद्ध विहार में भी लेकर जाना चाहिए, जिसका संबंध गांधीजी से है। दिल्ली के इस पहले बुद्ध विहार का उद्घाटन महात्मा गांधी ने 1939 में किया था। यह बिड़ला मंदिर के पास है। यहां राजेंद्र प्रसाद, सर्वपल्ली राधाकृष्णन, बाबा साहेब आंबेडकर, इंदिरा गांधी जैसी शख्सियतें खास अवसरों पर जाती रही हैं। इसमें भगवान बुद्ध की एक सुंदर मूर्ति भी स्थापित है, जिसे पंडित नेहरू ने बुद्ध विहार को भेंट किया था। साफ है, भगवान बुद्ध का प्रेम और भाईचारे का संदेश सर्वदा प्रासंगिक रहने वाला है। इस परिप्रेक्ष्य में भगवान बुद्ध को जानने की प्यास आगे भी बनी रहेगी। लिहाजा, उन्हें गहराई से जानने की इच्छा रखने वालों को भारत आना ही होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5381

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | | ■ | |
| 7 | 8 | | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | | 13 |
| ■ | 14 | | | ■ | | ■ | |
| 15 | | ■ | | ■ | 16 | 17 | |
| | ■ | 18 | | | ■ | | ■ |
| 19 | | | ■ | ■ | 20 | | |

संकेत: बाएं से दाएं

1. 4 जुलाई 1898 को भारत के पहले कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने जन्म लिया था (8)
6. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
7. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)
9. आगमन होना, एक प्राचीन सिक्का (2)
10. मेरा या मेरी (2)
12. जलती हुई वस्तु को ठंडा करना, पहेली हल करना (3)
14. लालू यादव की राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
15. एक प्रशंसा सूचक शब्द (2)
16. अपवित्र, अशुद्ध, अशुचि (3)
18. व्यक्ति कीभावी गतिविधि आदि के लक्षण, निशान, शत्रु को घेरकर किया जाने वाला हमला, मेघमाला (3)
19. आसान, सुगम, सरल (3)
20. ठंडी और मृदुल हवा, मृदुल समीर, दिलीप कुमार की अभिनेत्री सास जिनका जन्म 4 जुलाई 1916 को हुआ था (3)

ऊपर से नीचे(2)

1. फलों के समान रंग वाला, अत्यंत सुंदर (4)
2. येन मुद्रा इस देश में प्रचलित है (3)
3. इस अभिनेत्री ने पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से विवाह किया था (सिर्फ नाम)(2)
4. झगड़ा कराके सुलह कराना (6)
5. दायक, देने वाला (2)
6. जो राह भटक गया हो, पथभ्रष्ट, भटका हुआ (उर्दू) (4)
11. पाठशाला, विद्यालय (उर्दू)(4)
13. वृथा, व्यर्थ, बेमतलब (3)
15. लौटा हुआ, केश हुआ (3)
17. फारस (आधुनिक ईरान) देश से संबंध रखने वाला या इस देश का निवासी (3)
18. वर्तमान दिन, जो दिन बीत रहा है, इस दिन (2)

### वर्ग पहेली 5380 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फे | स | बु | क | | फ | री | द |
| फ | ल | क | | म | ल | मा | स |
| ड़ा | | से | ह | त | | ला | |
| | जे | ल | | ग | | गू | दा |
| ज | | र | म | ण | | | म |
| य | म | | त | ना | व | | न |
| दे | हा | त | | | क | ल | गी |
| व | न | ज | | रे | | ता | र |

# फिर भी दिल है हिंदुस्तानी

(शैलेंद्र पांडेय)

पुर्तगाल के एंटोनियो कास्टा, सिंगापुर के हलीमा याकूब, सूरीनाम के चान संतोखी, मॉरिशस के पृथ्वीराज सिंह रूपन, गुयाना के मोहम्मद इरफान, सेशेल्स के वेवल रामखेलावन, अमेरिका की कमला हैरिस, ब्रिटेन के ऋषि सुनक ङ्क अपने यहां की राजनीति में शीर्ष पर होने के अलावा और कौन-सी बात इन्हें आपस में जोड़ती है? ये सभी भारतीय मूल के हैं और बस इतने ही नहीं, इस लिस्ट को बढ़ाते जाइए तो आंकड़ा सौ के ऊपर चला जाएगा। इसी तरह की एक सूची तैयार हो सकती है दुनिया की टॉप कंपनियों में टॉप पर बैठे भारतवंशियों की। एक सूची कला, साहित्य से जुड़ी शख्सियतों की और एक सूची ज्ञान, विज्ञान की। न तो नाम कम पड़ेंगे और न ही फील्ड।

ये तो नाम हैं, उन लोगों के जिनसे जुड़कर हमें अपने देश पर नाज होता है, लेकिन कई प्रवासी भारतीय ऐसे भी हैं, जो विदेश से हर साल अपने परिवार वालों को पैसे भेजते हैं। इसमें से जो पैसा उनके खर्च करने के बाद बचता है, वह उनके बैंक खातों में ही पड़ा नहीं रहता। बैंक उससे कर्ज देते हैं, जिससे देश की आर्थिक ताकत बढ़ती है। इस बढ़ती ताकत पर भारत में रहने वालों के साथ बरसों पहले देश छोड़कर जा चुके भारतवंशियों को भी गर्व होता है। यह पावर है Diaspora nationalism की, जिसने दुनियाभर के सौ से ज्यादा देशों में भारतीयता को पहुंचा दिया है। कभी हिंदुस्तानियों को गिरमिटिया मजदूर के रूप में अंग्रेज अपने साथ लेकर गए थे। आज उन्हीं के वंशज उन देशों की पॉलिसी तय कर रहे हैं, कानून बना रहे हैं। हिंदुस्तान के बाहर फैला उसका यह परिवार करीब 3.2 करोड़ लोगों का है, किसी भी और मुल्क से अधिक। किसी भी और मुल्क की तुलना में ज्यादा मजबूत स्थिति में। ङ्खशह्लद्यस्त्र Migration Report, 2022 बताती है कि भारत के बाद मेक्सिको, रूस और चीन का नंबर है। विदेशों में बसी यह आबादी diaspora diplomacy का जरिया भी है। दो देशों के बीच पुल का काम करते हैं ये प्रवासी।

कोई भी देश अपनी विदेश नीति में इन्हें नजरअंदाज नहीं कर सकता। अमेरिका और यूरोप में भारत की बात का वजन होता है, तो इसकी एक वजह वहां बसे भारतीय भी हैं। सॉफ्ट पावर के अलावा अर्थव्यवस्था को सुधारने में भी मदद करते हैं प्रवासी। भारत पहला देश है, जिसे विदेश में रहने वाले अपने लोगों से सौ बिलियन डॉलर से अधिक की रकम मिली। साल 2023 में यह आंकड़ा 125 बिलियन डॉलर रहा, GDP का 3.4त्न। Diaspora nationalism लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप जैसा है। कहते हैं कि जब प्यार बहुत ज्यादा हो, तो दूरियां मायने नहीं रखतीं। फिर यहां तो इस प्यार में कई दूसरे पहलू भी जुड़े हैं। इस राष्ट्रवाद में सीमाएं बंद नहीं होतीं, बल्कि और विस्तार पाती हैं। यह ऐसा प्रेम है जिसकी सबसे जरूरी शर्त ही है दूर रहना। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन लाभ से भरा होगा और आपको सम्मानित किए जाने के योग हैं। यदि आप किसी व्यक्ति, बैंक से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको लाभ होगा। आपको पुराने मित्रों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। आपके जीवन में अच्छे मित्र भी बढ़ेंगे। आज आपको पत्नी पक्ष के लोगों से भी सम्मान मिलेगा।

### वृषभ

आज का दिन काफी बिजी रहेगी और काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आज आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको जबर्दस्त लाभ होगा। आज आपको किसी काम में निवेश करना हो तो सफलता मिलेगी। आगे चलकर उसका भरपूर लाभ मिलेगा।

### मिथुन

आज आप फिजूल के खर्चे से बचें। यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज कष्ट की वृद्धि हो सकती है। सामाजिक कार्यक्रम में किसी प्रकार की बाधा आ सकती है। कुछ अकस्मात लाभ होने से आपको लाभ होगा और आपके सुख में वृद्धि होगी।

### कर्क

आज का दिन भाग?य की दृष्टि से उत?तम होगा और आपके लिए सुख में वृद्धि के योग बन रहे हैं। आपको परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा और संतान की सफलता से आप खुश होंगे। आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा। आज आपको ननिहाल पक्ष के लोगों से अच्छे समाचार मिल सकते हैं।

### सिंह

आज किसी की बातों में आने से बचें और अपने काम पर फोकस करें। आपको आज दिन के बाद के हिस?से में सफलता मिलेगी। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिलेंगे, मधुरवाणी का प्रयोग करें, अन्यथा संबंधो में कटुता आ सकती है।

### कन्या

आज साहसपूर्ण कार्य करने से आपको अच?छा महसूस होगा। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग हर मामले में मिलेगा। आपकी पत्नी की सेहत बिगड़ने से आपको परेशानी हो सकती है। व्यर्थ व्यय का योग भी है। आप मन से लोगों के अच?छा करने की सोचेंगे, लेकिन लोग आपकी बातों को गलत ही सोचेंगे।

### तुला

आज का दिन शुभकारक है। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों की मदद करने के साथ ही आज बुजुर्ग लोगों की सेवा भी करेंगे। आप अपने गुरु के प्रति भी पूरी निष्ठा रखेंगे और इसका आपको लाभ होगा। आज नए कार्य में इनवेस्ट करना पड़े तो शुभ रहेगा।

### वृश्चिक

आज धन में वृद्धि होगी,केरियर में समस?या और परेशानी आ सकती हैं। व्यापार और वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। शात तक आप अपने धैर्य और प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई वाद, विवाद राज्य में पड़ा है तो उसमें आपको लाभ होगा।

### धनु

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी विद्या और ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके अन्दर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा और आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। शाम से लेकर रात आपको कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### मकर

आज आपको ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण हो जाएंगे। किसी नए काम में निवेश करना पड़े तो आप कर सकते हैं। भविष्य में लाभ होगा।

### कुंभ

आज का दिन बुद्धि विवेक से नए कार्य करने में बीतेगा। आप सीमित और आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आपके परिजन आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपको नौकर चाकरों का सुखपूर्ण रूप से मिलेगा। शाम से लेकर रात तक आपका मन प्रसन्?न होगा। यात्रा भी हो सकती है, जो लाभकारक रहेगी।

### मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा। किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण आपको लाभ होगा। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। रात्रि में प्रियजनों व परिजनों से हास्य विनोद रहेगा और आपके घर में सुख समृद्धि में वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### केदारनाथ हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद ऐक्शन, केस्ट्रेल एविएशन कंपनी की उड़ानों पर लगी रोक



**देहरादून, एजेंसी।** केदारनाथ में हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग के बाद ऐक्शन हुआ है। नागरिक उड्डयन विभाग ने जांच पूरी होने तक केस्ट्रेल एविएशन कंपनी की केदारघाटी में उड़ानों पर रोक लगा दी है। ऐसे में तीर्थ यात्रियों की मुश्किलें बढ़ सकतीं हैं। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) के सीईओ सी रविशंकर के मुताबिक, डीजीसीए को इसकी सूचना दी गई है। गत वर्ष भी इसी कंपनी के हेलीकॉप्टर की चपेट में आने से यूकाडा के वित्त नियंत्रक अमित सैनी का निधन हो गया था। तब भी कंपनी की सेवाओं पर रोक लगी थी। केदार घाटी का हवाई सफर भले ही 10 मिनट का ही क्यों न हो, लेकिन यात्रा का यह समय भी धड़कने बढ़ाने वाला रहता है। कई बार मौसम खराब होने के चलते पायलट इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ती है। केदारनाथ में नौ हेलीकॉप्टर पूरे दिन एक के बाद एक उड़ान भरते हैं। गुप्तकाशी हेलीपैड से केदारनाथ जाने में 10 मिनट और शेरसी से साढ़े सात मिनट लगते हैं।

### रैगिंग के आरोप में 4 मेडिकल छात्र निलंबित, दो को 25 साल के लिए सस्पेंड किया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद में एक मेडिकल कॉलेज के चार छात्रों को जूनियर छात्रों के साथ रैगिंग करने के आरोप में शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। जिन स्टूडेंट्स के खिलाफ यह कार्रवाई की गई, उनमें दो छात्राएं भी शामिल हैं। शहर के मणिनगर इलाके में स्थित यह कॉलेज अहमदाबाद नगर निगम की इकाई एएमसी मेडिकल एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित किया जाता है। कॉलेज की डीन डॉ. दीप्ति शाह ने बताया कि जांच के बाद, कॉलेज प्रशासन ने 'मास्टर ऑफ सर्जरी' के चार विद्यार्थियों को निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि एक विद्यार्थी को दो साल के लिए और एक विद्यार्थी को एक साल के लिए निलंबित किया गया है, वहीं अन्य दो स्टूडेंट्स को 25-25 साल के लिए निलंबित किया गया है। शाह ने कहा, प्रथम वर्ष के चार छात्र और उनके माता-पिता 21 मई को इन चार सीनियर स्टूडेंट्स के खिलाफ शिकायत के साथ हमसे मिले थे। हमने कॉलेज परिषद की बैठक बुलाई और उन सभी की शिकायत को सुना। विस्तृत जांच के बाद, परिषद ने सर्वसम्मति से चारों को निलंबित करने का निर्णय लिया, क्योंकि हम रैगिंग के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति में भरोसा रखते हैं। डीन ने कहा कि सीनियर्स, जूनियर्स को कई बार दवा का पर्चा लिखने जैसे काम करने के लिए कहते थे, साथ ही उनके साथ मौखिक रूप से दुर्व्यवहार भी करते थे।

### मैं ठीक हूं, मेरी सेहत को लेकर झूठ फैला रही भाजपा-नवीन पटनायक

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल अध्यक्ष नवीन पटनायक ने भाजपा पर शुक्रवार को निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनका स्वास्थ्य बेहतर है और वह लोकसभा व विधानसभा चुनाव के लिए पूरे राज्य में प्रचार कर रहे हैं। दरअसल, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के दूसरे नेताओं ने टिप्पणी की थी कि पटनायक को उनके स्वास्थ्य और वृद्धावस्था के मद्देनजर आराम दिया जाना चाहिए। इसके बाद उनका यह बयान सामने आया है। 77 वर्षीय पटनायक ने कहा, 'भाजपा लोगों से कितना झूठ बोल सकती है, इसकी एक सीमा है। जैसा कि आप देख सकते हैं, मेरा स्वास्थ्य बहुत अच्छा है और मैं महीनों से पूरे राज्य में प्रचार कर रहा हूं।' भाजपा के कुछ नेताओं ने यह भी आरोप लगाया था कि पटनायक अपने वीडियो संदेशों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजू जनता दल के अध्यक्ष ने भाजपा के नेताओं से अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करने को कहा। सीएम पटनायक के करीबी सहयोगी वीके पांडियन ने कहा कि ये टिप्पणियां बहुत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने दावा किया कि ओडिशा के लोग लोकप्रिय मुख्यमंत्री को अपमानित करना पसंद नहीं करेंगे।

### भारी बारिश लेकर आ रहा चक्रवात रेमल, तपती गर्मी से मिलेगी राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बंगाल की खाड़ी में बना दबाव बंगाल के तट के करीब पहुंच गया है। पहले ही गहरे अवसाद में तब्दील हो चुकी है। मौसम विभाग के ताजा बुलेटिन के मुताबिक, यह गहरा दबाव सागरदीप से 380 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व में स्थित है। यह धीरे-धीरे उत्तर की ओर आगे बढ़ रहा है। आज दोपहर बाद यह सिस्टम चक्रवात बन जाएगा। इसके बाद यह 26 मई की देर रात पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तट से टकराएगा और लैंडफॉल करेगा। पश्चिम बंगाल में आने वाले इस चक्रवाती तूफान के कारण बंगाल से सटे राज्यों में भी इसका असर देखने को मिल सकता है। इस तफ्रान का असर बिहार और ओडिशा में भी देखने को मिल सकता है। लोगों को तपती गर्मी से हल्की राहत मिल सकती है। इस बीच इस चक्रवात के कारण आज से कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में तेज हवा चलनी शुरू हो जाएगी। मौसम कार्यालय के पूर्वानुमान के अनुसार, आज कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, बीरभूम, मुर्शिदाबाद और नादिया में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

# पंजाब-हरियाणा में चलता है डेरा का सिक्का बाबाओं के आशीर्वाद से तय होंगे चुनाव के नतीजे

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब और हरियाणा में डेरा का आशीर्वाद और समर्थन राजनीतिक दलों के लिए बहुत मायने रखता है। आम चुनाव के छठे चरण में शनिवार को हरियाणा और आखिरी चरण में एक जून को पंजाब का मतदान होना है। प्रभावशाली डेरा गुरुओं का संदेश किस राजनीतिक दल की उम्मीदों को उड़ान देगा, अभी कहना मुश्किल है। लेकिन आखिरी दो चरणों में राजनीतिक दलों द्वारा डेरा का समर्थन हासिल करने की पूरी कोशिश की गई है।

पंजाब और हरियाणा में जबरदस्त प्रभाव रखने वाले डेरा समर्थक सियासी तस्वीर को प्रभावित करने में कितना सक्षम होंगे, यह वक्त बताएगा। लेकिन इनके राजनीतिक असर को नकारा नहीं जा सकता। हरियाणा का डेरा सच्चा सौदा सिरसा, अमृतसर का राधा स्वामी सत्संग ब्यास, डेरा नूरमहल, डेरा निरंकारी जालंधर, डेरा सचखंड बल्लां (जालंधर) और डेरा नामधारी लुधियाना और डेरा निरंकारी का अच्छा खासा प्रभाव है। इसके साथ ही कई सिख संप्रदायों के डेरे भी अपना अच्छा प्रभाव बनाए रखते हैं। निर्मल एवं उदासी संतों से संबंधित शिविर भी इनमें शामिल हैं।

**समर्थन पाने की जुगत में राजनीतिक दल :** कांग्रेस को कई मौकों पर पंजाब में डेरा का समर्थन मिला। वर्ष 2002 में कांग्रेस की जीत के पीछे डेरा की भूमिका को काफी अहम





माना गया था। हालांकि वर्ष 2007 में डेरा के समर्थन के बाद भी कांग्रेस चुनाव हार गई थी। इसके बाद डेरा की भूमिका लगातार चर्चा में रही। लेकिन अब मिला-जुला संकेत देखने को मिल रहा है। चुनाव के दौरान कांग्रेस, भाजपा, आम आदमी पार्टी और अकाली दल अलग-अलग तरीके से समर्थन पाने की जुगत में दिख रहे हैं।

**कई राज्यों के पूर्व मुख्यमंत्री डेरा में जाते रहे :** पिछले कुछ चुनावों से हरियाणा में डेरा सच्चा सौदा का समर्थन भाजपा के पक्ष में देखा गया। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर डेरे में जाते रहे हैं। हरियाणा में सबसे प्रसिद्ध डेरा, सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा है, जो अपने प्रमुख राम रहीम के कारण कुछ वर्षों से सुर्खियों में है। डेरा प्रमुख राम रहीम जेल में हैं, लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में भी डेरा की सक्रियता बनी हुई है। इसा बार डेरा की तरफ से भाजपा के समर्थन का ऐलान किया गया है।

**कई दिग्गज राजनेता डेरो-मठों का दौरा कर चुके :** हरियाणा में अन्य प्रभावशाली डेरों की सूची में रोहतक में गौकर्ण धाम, पुरी धाम, सांपला में डेरा कालीदास महाराजा, सतजिंदा कल्याण डेरा, सती भाई साईं दास और कलानौर शहर में डेरा बाबा ईश्वर शाह शामिल हैं। राजस्थान के तिजारा से भाजपा विधायक महंत बाबा बालक नाथ के नेतृत्व वाले बाबा मस्त नाथ मठ का रोहतक, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ में काफी प्रभाव है। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा सहित कई दिग्गज राजनेता डेरो-मठों का दौरा कर चुके हैं।पंजाब में भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों ने ज़मीन पर प्रचार के साथ ही राधा स्वामी डेरा ब्यास का रुख किया है। उम्मीदवार डेरा ब्यास के प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लों से मुलाकात कर आशीर्वाद ले चुके हैं। रोहतक से दिल्ली रोड पर करीब 25 किलोमीटर आगे बढ़ने पर सांपला में स्थित काली दास महाराज का डेरा भी साल 2014 के बाद राजनीतिक ताकत का केंद्र बनकर उभरा है। हरियाणा की दस में से आठ सीटों पर डेरा का असर माना जातता है। पंजाब में करीब 32 फीसदी दलित आबादी विभिन्न डेरा से जुड़ी हुई है।

# 4 जून को बदल जाएगी सरकार, मोदी और शाह परेशान- शशि थरूर

**पटना, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने दावा किया कि 4 जून को देश की सरकार बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि जनादेश इंडिया गठबंधन के पक्ष में आएगा। जीत के बाद इंडिया गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री का नाम तय हो जाएगा। भाजपा को हार का अंदेशा हो गया है, इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह परेशान हैं। हर फेज के चुनाव के साथ ही उनका जाना तय होता जा रहा है। उन्होंने राहुल गांधी के बिहार में एक मात्र चुनावी सभा पर जाब दिया। कहा कि जनता हमारे (इंडिया गठबंधन) साथ है। वे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम में प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर थरूर पटना पहुंचे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार में देश में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ी है। चुनाव में वोट प्रतिशत घटना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। बिहार और यूपी जैसे बड़े प्रदेशों में कांग्रेस कब तक साथी दलों के ही सहारे चलेगी? इसपर उन्होंने कहा कि कांग्रेस का दिल बड़ा है। बिहार और उत्तरप्रदेश जैसे प्रदेशों में कांग्रेस कम सीटों पर चुनाव लड़कर साथी दलों को अधिक सीट दे रही है। चुनाव के कई दिनों बाद वोट प्रतिशत बढ़ने के सवाल पर कहा कि यह मामला न्यायालय में है।

**इंडिया गठबंधन का पीएम फेस कौन :** इंडिया गठबंधन में पीएम का चेहरा कौन होगा, इस सवाल पर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि चुनाव परिणाम आने पर पीएम चेहरा तय हो जाएगा। बिहार में राहुल गांधी की एक ही सभा होने पर कहा कि राहुल पूरे देश में सभा कर रहे हैं। मौके पर शकील अहमद खान, डॉ. मदन मोहन झा, आलोक शर्मा, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन आदि नेता मौजूद थे। शशि थरूर ने दावा किया कि सीमा पर 26 पेट्रोलिंग प्वाइंट पर चीन का दबदबा बढ़ा है। प्रधानमंत्री इस मामले में देश को सही जानकारी नहीं दे रहे हैं। उन्हीं पेट्रोलिंग प्वाइंट में से एक गलवान को बचाने में हमारे सैनिक बलिदान हुए थे। प्रधानमंत्री के बयान 1971 में बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के समय पाकिस्तानी सैनिकों की रिहाई के बदले में वे करतारपुर साहिब को पाकिस्तान से वापस ले लेते पर कहा कि यह गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी है।

## पचास साल हो गए उन्हें लड़ते-लड़ते, अब कुर्सी छोड़नी होगी-कंगना की मां का दावा

**मंडी, एजेंसी।** मंडी से बीजेपी उम्मीदवार कंगना रनौत की मां आशा रनौत का कहना है कि उन्हें बहुत उम्मीदें हैं। वह (कंगना) भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगी। हमें जनता से बहुत प्यार मिल रहा है। कोई भी उन्हें (कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह) वोट नहीं देगा। वह कंगना को बदनाम कर रहे हैं और लोग कंगना को वोट देकर बदला लेंगे। आशा रनौत ने कहा कि कंगना भारी बहुमत से जीतेंगी। उसे लोगों का बहुत प्यार मिल रहा है। वो कितना भी आरोप लगाए, कितना भी बदनाम करे, सारी दुनिया जानती है। वह ये सब वोट के लिए कर रहा है, लेकिन उसे वोट नहीं मिलेगा। मेरी बेटी को पूरी दुनिया का सपोर्ट मिल रहा है। यह पूछे जाने पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा था कि मंडी में रेट क्या चल रहा है। कंगना की मां ने कहा कि उसके घर में बहन-बेटी नहीं होगी शायद। मैं भी एक मां हूं, कभी किसी को इतना गंदा नहीं बोल सकती। वह कंगना को बदनाम कर रहे हैं और लोग कंगना को वोट देकर इसका बदला लेंगे। यह पूछे जाने पर कि आपकी बेटी के सामने एक राजा परिवार का व्यक्ति चुनाव लड़ रहा है, उन्होंने कहा कि पचास साल हो गए उन लोगों को चुनाव लड़ते-लड़ते, अब लोग भी उनसे थक गए हैं। अभी तक उनलोगों ने कुर्सी नहीं छोड़ी, लेकिन अब उन्हें कुर्सी छोड़ना पड़ेगा।

# जबरन रिटायरमेंट के आदेश से बवाल, कर्मचारियों ने भजनलाल सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भजनलाल सरकार के अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश के खिलाफ कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि सरकार ने आदेश का विरोध किया जाएगा। आदेश अलोकतांत्रिका है। दरअसल लगातार भ्रष्ट आचरण और प्रशासनिक कर्तव्य निभाने में असमर्थ कर्मचारियों और अधिकारियों को सरकार अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए संबंधित विभागों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर प्रस्ताव संबंधित प्रशासनिक विभाग को भेजने के निर्देश जारी किए गए हैं। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा ने कहा कि राजस्थान में सरकार की ओर से पिछले कुछ महीनों में कर्मचारियों के सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। आए दिन कई तरह के आदेश जारी किए जा रहे हैं। कई बार कर्मचारियों को नाकारा करार दिया जा रहा है। सरकार को ये नही भूलना चाहिए कि कोरोना काल जैसी विषम परिस्थितियों में भी राजस्थान में कर्मचारियों ने आगे बढ़कर काम किया था. पूरे देश मे राजस्थान एक रोल मॉडल बना। अब ऐसा क्या हो गया कि यही कर्मचारी सरकार को नाकारा, भ्रष्ट, लापरवाह दिखाई देने लगा. सरकार में इस तरह के व्यवहार को कर्मचारी दाश्त नहीं करेगा। किसी भी सूरत में कर्मचारियों के सम्मान को ठेस पहुंचती है तो उसके लिए कर्मचारी हर संभव सरकार के खिलाफ न केवल विरोध करेगा, बल्कि आंदोलन का विकल्प हो



जाएगा। सरकार के इस फैसले के सामने आने के साथ प्रदेश के कर्मचारी संगठनों ने तेवर गरम कर लिए है। अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी एकीकृत महासंघ और अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ दोनों ही प्रमुख संगठनों ने सरकार के फैसले की कड़े शब्दों में निंदा की और इसे आतंक फैलाने वाला करार देते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह ने राठौड़ ने कहा कि वर्तमान सरकार प्रतिदिन कोई न कोई आदेश निकाल कर कर्मचारियों में आतंक फैला रही है। कभी औचक निरीक्षण के नाम पर निलंबित करना, मोबाइल ऐप से हाजिरी करवाना और लोकेशन ऑन रखवाना, जींस टी-शर्ट को मुद्दा बनाना और अब 15 वर्ष से अधिक सेवा वाले अथवा 50 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके कर्मचारियों की इरादतन स्क्रीनिंग करना और उनको अनिवार्य सेवा निवृत्ति प्रदान करने का हाल ही का आदेश इसका ज्वलंत उदाहरण है। महासंघ एकीकृत इसका कड़ा विरोध करता है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की अकर्मण्यता की परिभाषा क्या है ? सरकार कर्मचारियों पर दिन प्रतिदिन नई-नई पाबंदियां लग रही है, लेकिन उनके कल्याण के लिए कुछ नहीं कर रही है. वर्षों से विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों और अन्य मांगों को पूरा करने के लिए की बजाए सरकार ईमानदारी के साथ अपना कर्तव्य पालन कर रहे कर्मचारियों को भयभीत कर रही है। इस प्रकार के आदेशों से कर्मचारियों में आतंक व्याप्त हो गया है, जिससे उनकी कार्य क्षमता भी प्रभावित होगी. इस प्रकार की आदेश अधिकारियों को मनमानी करने के लिए बढ़ावा देंगे और कर्मचारियों में चापलूसी की भावना बढ़ेगी। सरकार के पास विभिन्न संवर्गों के मांग पत्र पड़े हैं।

## जगदलपुर, प्रयागराज और जबलपुर जाने के लिए 1 जून से शुरू होगी फ्लाइट, बिलासपुर से यात्रा करने वालों को बड़ी? राहत

**जगदलपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से अब 3 साल के लंबे इंतजार के बाद प्रयागराज, जगदलपुर और जबलपुर के लिए फ्लाइट को एक बार फिर शुरू करने का निर्णय एलाइंस एयर कंपनी ने लिया है। बता दे कि पहले प्रयागराज और जबलपुर एलाइंस की सुविधा चालू थी जिसे बाद में बंद कर दिया गया था। वहीं दूसरी तरफ बिलासपुर से 7 दिनों के स्थान पर सिर्फ दो दिन दिल्ली और कोलकाता की फ्लाइट की सुविधा थी। जिसका शहर के लोगों ने कल विरोध किया था। इस विरोध के बाद एलाइंस एयर कंपनी ने प्रयागराज जबलपुर के साथ बिलासपुर और जगदलपुर के बीच हवाई सेवा शुरू करने का भी निर्णय लिया है इसके लिए शेड्यूल भी जारी किया जा चुका है। यह सुविधा लोगों को एक जल से मिलना शुरू हो जाएगी। जानकारी के मुताबिक 1 मार्च 2001 से बिलासपुर से कमर्शियल हवाई सेवा शुरू हुई थी। इसके साथ ही बिलासपुर हवाई अड्डे से सप्ताह में 8 फ्लाइट प्रयागराज,बिलासपुर और दिल्ली के लिए चला करती थी। बिलासपुर-कोलकाता और बिलासपुर-दिल्ली सीधी हवाई सेवा शुरू करने के साथ ही एलाइंस एयर कंपनी ने पहले से चल रही फ्लाइट को बंद कर



दिया था। इसके बाद इस सप्ताह में दो दिन मंगलवार और गुरुवार को दिल्ली और कोलकाता हवाई सेवा का लाभ लोगों को देने के लिए शुरू किया गया। जानकारी के मुताबिक एलाइंस एयर कंपनी के द्वारा रिवाइज्ड शेड्यूल 26 अक्टूबर तक लागू रहेगा, इसके बाद नया शेड्यूल जारी किया जाएगा।

**ये है शेड्यूल :** सोमवार को नई दिल्ली से फ्लाइट रवाना होकर जगदलपुर पहुंचेगी। जगदलपुर से 12.05 बजे रवाना होकर 13.10 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। इसके बाद 13.35 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएगी जो 16.20 बजे दिल्ली पहुंचेगी। मंगलवार को कोलकाता से 7 बजे फ्लाइट रवाना होकर 8.05 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। यहां से 9.15 रवाना होकर 11.05 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वहीं दूसरी फ्लाइट प्रयागराज से 10 बजे रवाना होकर 11.25 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। यहां से 12.30 बजे रवाना होकर 13.45 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। बुधवार को नई दिल्ली 7.50 बजे विमान रवाना होकर 11.35 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। यहां से 11 बजे रवाना होकर 12.05 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। वहां से नई दिल्ली जाएगी। गुरूवार को कोलकाता से 7 बजे फ्लाइट रवाना होकर 8.05 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। यहां से 9.15 रवाना होकर 11.05 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वहीं प्रयागराज से 10 बजे दूसरी उड़ान रवाना होकर 11.25 बजे बिलासपुर आएंगी। इसके बाद 12.30 बजे रवाना होकर 13.45 बजे प्रयागराज पहुंचेगी।

शुक्रवार को जगदलपुर से फ्लाइट रवाना होकर 12.50 बजे बिलासपुर आएंगी। इसके बाद 13.15 बजे रवाना होकर 16 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

## एक रैली के बाद सीधे आखिरी चरण में बिहार आ रहे राहुल गांधी, पटना में प्रचार करेंगे

**पटना, एजेंसी।** बिहार में लोकसभा चुनाव एनडीए के खिलाफ महागठबंधन लड़ रहा है। जिसमें कांग्रेस, आरजेडी और वाम दल शामिल हैं। एक तरफ जहां पीएम मोदी से लेकर बीजेपी के दिग्गज नेता बीते एक महीने में कई राउंड चुनाव प्रचार कर चुके हैं, तो वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी करीब 35 दिन बाद बिहार में अपनी दूसरी रैली करने जा रहे हैं। पहली रैली के बाद दूसरी रैली लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में होने जा रही है। राहुल गांधी 27 मई को बिहार में दो चुनावी जनसभाएं करेंगें। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 27 मई को बिहार आयेंगे। पटना साहिब और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। कांग्रेस सूत्रों ने यह जानकारी दी है। पटना साहिब में कांग्रेस प्रत्याशी अंशुल अभिजीत और पाटलिपुत्र में राजद प्रत्याशी मीसा भारती के लिए सभा करेंगे। इसके पहले राहुल गांधी की चुनावी सभा 20 अप्रैल को भागलपुर में हुई थी। वहीं, 26 मई को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सासाराम में कांग्रेस प्रत्याशी मनोज कुमार के पक्ष में सभा करेंगे। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीते डेढ़ महीने में बिहार दौरे पर नजर डाले तो 9 बार बिहार का दौरा कर चुके हैं। जिसमें 12 से ज्यादा रैलियां और पटना का रोड शो भी शामिल है। आज भी पीएम मोदी काराकाट, बक्सर और पाटिलपुत्र में चुनावी जनसभा



को संबोधित करेंगे। वहीं गृह मंत्री अमित शाह भी कई राउंड बिहार में जनसभाएं कर चुके हैं। वहीं बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी कल तीसरी बार बिहार दौरे पर रहेंगे, और जनसभाएं करेंगे। बीजेपी की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव भी चुनावी रैलियां कर चुके हैं। लेकिन वहीं कांग्रेस के तरफ से राहुल गांधी की 27 मई को बिहार में दूसरी चुनावी रैली होगी। इससे पहले वो भागलपुर में चुनाव प्रचार कर चुके हैं। हालांकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दो रैलियां और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके हैं। इसके अलावा कांग्रेस के जयराम रमेश, दिग्विजय सिंह., शशि थरूर ने भी प्रेस वार्ता ही की है।

# प्रज्वल रेवन्ना का रद्द होगा पासपोर्ट? विदेश मंत्रालय ने भेज दिया कारण बताओ नोटिस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्रालय ने जेडीएस के निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना को कारण बताओ नोटिस भेजा है। इसमें पूछा गया कि उनके खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मद्देनजर उनका राजनयिक पासपोर्ट क्यों न रद्द कर दिया जाए। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कर्नाटक सरकार ने प्रज्वल रेवन्ना का पासपोर्ट रद्द करने का अनुरोध किया है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा था कि विदेश मंत्रालय प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने संबंधी कर्नाटक सरकार की अपील पर कार्यवाही कर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि वह फिलहाल जर्मनी में हैं। सूत्रों ने कहा कि प्रज्वल का पासपोर्ट रद्द करने के लिए शुरू की गई प्रक्रिया के तहत उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया है। पता चला है कि कारण बताओ नोटिस ईमेल के जरिए भेजा गया है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल पर यौन शोषण का आरोप है और हासन के सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के एक दिन बाद 27 अप्रैल को भारत से बाहर चले गए थे। यह भी पता चला कि विदेश मंत्रालय पासपोर्ट अधिनियम 1967 के प्रावधानों के साथ-साथ संबंधित नियमों के तहत प्रज्वल के राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर रहा है। पासपोर्ट रद्द होने का क्या पड़ेगा असर सूत्रों ने कहा कि अगर पासपोर्ट रद्द कर



दिया जाता है, तो प्रज्वल का विदेश में रहना अवैध होगा। जिस देश में वह रह रहे हैं, वहां के संबंधित अधिकारियों की ओर से उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दूसरा पत्र लिखकर प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के लिए त्वरित और आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया था। मुख्यमंत्री ने ऐसा ही एक पत्र एक मई को भी प्रधानमंत्री को भेजा था। प्रज्वल के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिए कर्नाटक सरकार ने विशेष जांच दल का गठना किया है। स्थानीय अदालत की ओर से उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने के बाद उनका राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के लिए विदेश मंत्रालय को पत्र लिखा था। इस महीने की शुरुआत में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रज्वल ने राजनयिक पासपोर्ट पर जर्मनी की यात्रा की थी और उन्होंने यात्रा के लिए मंजूरी नहीं मांगी थी। जायसवाल ने कहा था, 'उक्त सांसद की जर्मनी यात्रा के संबंध में विदेश मंत्रालय से न तो कोई राजनीतिक मंजूरी मांगी गई थी और न ही जारी की गई थी।' मालूम हो कि प्रज्वल के पिता व कर्नाटक के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना पर भी यौन शोषण और आपराधिक धमकी के आरोप में मामला दर्ज किया गया था।

**श्रीनगर में रिश्वत लेते एसएचओ गिरफ्तार : श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को श्रीनगर में एक पुलिस अधिकारी को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी सूत्रों ने कहा कि श्रीनगर के पंथा चौक पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) इंस्पेक्टर, आजम खान को एक ठेकेदार से 1.50 लाख रुपये लेते गिरफ्तार किया गया। सूत्रों ने बताया कि एसएचओ ने ठेकेदार से किसी मामले में 2.50 लाख रुपये की मांग की थी। वह पहली किस्त के रूप में ठेकेदार से 1.50 लाख रुपये ले रहा था।




आईपीएलः 2024

# हैदराबाद- कोलकाता के बीच खिताबी जंग आज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के दूसरे क्वालिफायर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए राजस्थान रॉयल्स को 36 रनों से हरा दिया. चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए नॉक आउट मैच में हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 175 रन बनाए. जवाब में राजस्थान की टीम इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाई. इसके साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद ने तीसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बना ली और अब इस टीम का खिताबी मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 26 मई को होगा.

हैदराबाद की जीत के हीरो

सनराइजर्स हैदराबाद की जीत के हीरो हेनरिक क्लासेन, अभिषेक शर्मा और शाहबाज अहमद रहे. हेनरिक क्लासेन ने चेन्नई की मुश्किल परिस्थितियों में 34 गेंदों में 50 रनों की पारी खेली. उनके बल्ले से 4 छक्के निकले. गेंदबाजी में शाहबाज अहमद ने 4 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट झटके. वहीं बल्ले से कहर बरपाने वाले अभिषेक शर्मा ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 अहम विकेट चटकाए.

### राजस्थान की बैटिंग फेल

राजस्थान रॉयल्स की बल्लेबाजी दूसरे क्वालिफायर में फेल रही. यशस्वी जायसवाल ने 21 गेंदों में 42 रन बनाए और ध्रुव जुरेल ने अर्धशतक लगाया. इन दोनों के अलावा कोई बल्लेबाज कुछ नहीं कर सका. संजू सैमसन 10 रन ही बना पाए. रियान पराग 6 रन बना पाए. हेटमायर 4 और पॉवेल 6 ही रनों का योगदान दे पाए. राजस्थान की टीम 20 ओवर में 139 रन ही बना पाई.

### राजस्थान की हार की बड़ी वजह

राजस्थान की हार की बड़ी वजह चेन्नई का मौसम रहा. दरअसल चेन्नई में रात को ओस पड़ती है लेकिन शुक्रवार रात ऐसा नहीं हुआ. ओस नहीं पड़ने की वजह से चेन्नई की पिच स्लो हो गई और बल्लेबाजों के लिए स्पिनर्स के सामने रन बनाना मुश्किल हो गया. हैदराबाद के दो लेफ्ट आर्म स्पिनर शाहबाज अहमद और अभिषेक शर्मा मिलकर 5 विकेट ले गए. शाहबाज का इकॉनमी रेट 5.6 रहा, वहीं अभिषेक ने 6 रन प्रति ओवर रन खर्च किए. संजू सैमसन ने इसे ही हार की बड़ी वजह बताया. सैमसन ने माना कि मिडिल ओवर्स में उनके पास स्पिनर्स के खिलाफ कोई जवाब नहीं था.

### हैदराबाद 6 साल बाद आईपीएल फाइनल में

सनराइजर्स हैदराबाद पूरे 6 साल के बाद फाइनल में पहुंची है. 2018 में ये टीम आईपीएल फाइनल में पहुंची थी और इसे रनरअप के तौर पर संतोष करना पड़ा था. इसके बाद ये टीम 2019 और 2020 में प्लेऑफ तक पहुंची.

इसके बाद लगातार 3 सालों तक टीम को लीग स्टेज तक ही संतोष करना पड़ा. अब नाकामी की हैट्रिक के बाद हैदराबाद की टीम फाइनल में पहुंची है. सनराइजर्स हैदराबाद ने 2016 में आईपीएल जीता है और अब उसके पास एक और ट्रॉफी जीतने का मौका है.

सुनील छैत्री रिटायरमेंट

## कोच स्टिमैक ने जताई उम्मीद, कहा-


# छेत्री के आखिरी मैच में खचाखच भरा रह सकता है मैदान



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** कुवैत के खिलाफ इस मैच से छेत्री के 19 साल के चमकदार अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत होगा। इस दौरान उन्होंने 150 मैचों में 94 गोल कर भारत के शीर्ष गोल स्कोरर बने। वह अपने विदाई मैच के बाद 151 मैच से भारत के सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी होंगे।

भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक को उम्मीद है कि छह जून को कोलकाता का सॉल्ट लेक स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रह सकता है। उस दिन भारत को कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालिफिकेशन मैच खेलना है, जो करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच भी होगा। स्टिमैक को उम्मीद है कि पूरे देश से दर्शक छह जून को सॉल्ट लेक स्टेडियम में जुटेंगे। कुवैत के खिलाफ इस मैच से छेत्री के 19 साल के चमकदार अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत होगा। इस दौरान उन्होंने 150 मैचों में 94 गोल कर भारत के शीर्ष गोल स्कोरर बने। वह अपने विदाई मैच के बाद 151 मैच से भारत के सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी होंगे। कुवैत के खिलाफ मैच में जीत से भारत इतिहास में पहली बार विश्व कप क्वालिफायर के तीसरे दौर में पहुंच जाएगा। स्टिमैक ने कहा- इस मैच की अहमियत को देखते हुए जिसमें हम पहली बार तीसरे दौर के लिए क्वालिफाई करने से महज एक जीत दूर होंगे और यह सुनील छेत्री का विदाई मैच भी होगा तो हम उम्मीद करते हैं कि सॉल्ट लेक स्टेडियम खचाखच भरा होगा। उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि फैंस देश के हर हिस्से से कोलकाता पहुंचेंगे और हमारे खिलाड़ियों को मैच जीतने में मदद करेंगे। साथ ही सुनील छेत्री को शुक्रिया और अलविदा कहेंगे।

मुझे पूरा भरोसा है कि यह काफी भावनात्मक पल होगा और उम्मीद करते हैं कि हम मैच खत्म होने के बाद फैंस के लिए कुछ खास करेंगे। टीम करीब दो हफ्तों से ट्रेनिंग कर रही है और 29 मई को कोलकाता पहुंचेगी। मुख्य कोच ने कहा- खिलाड़ी अच्छा कर रहे हैं। यह कई बार साबित हो चुका है कि लंबा शिविर हमेशा हमारे लिए मददगार रहा है। हम खेल के विभिन्न पहलुओं पर काम कर रहे हैं जिसमें डिफेंड करना और काउंटर अटैक भी शामिल है।



# हार्दिक पंड्या-नताशा का हो सकता है तलाक

## देना पड़ सकता है प्रोपर्टी का इतना हिस्सा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कहावत है कि बिना के आग के कहीं धुआं नहीं उठता है... ऐसा ही कुछइन दिनों भारतीय क्रिकेट हार्दिक पंड्या को लेकर चल रहा है। हार्दिक पंड्या और उनकी सर्बियाई पत्नी नताशा स्टेनकोविच के रिश्ते में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है ऐसी अफवाहें हैं।

सोशल मीडिया पर चर्चा है कि दोनों अलग हो सकते हैं। कुछ बातों ने इन अफवाहों को हवा दी है। पहली बात तो यह कि नताशा ने अपने इंस्टाग्राम बायो से 'पांड्या' सरनेम को हटा दिया।

दूसरी बात यह कि नताशा पहले हर मैच में हार्दिक को चीयर करने स्टेडियम आती थीं, लेकिन हाल ही में उन्हें नहीं देखा गया। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर हार्दिक और नताशा को लेकर यह अनुमान लगाया जा रहा कि दोनों एक दूसरे से अलग हो चुके हैं।

## राजस्थान की हार के बाद शिमरोन हेटमायर पर बीसीसीआई का एक्शन, ठोक दिया जुर्माना



**चेन्नई, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के दूसरे क्वालीफायर में राजस्थान रॉयल्स को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार मिली। इस हार के साथ ही संजू सैमसन की टीम का आईपीएल के इस सीजन में सफर समाप्त हो गया। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर हुए मुकाबले में राजस्थान को 36 रनों से हार झेलनी पड़ी। इस मैच के बाद राजस्थान रॉयल्स के कैरेबियन बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर पर जुर्माना ठोक दिया गया है।

### हेटमायर की मैच फीस कटी

शिमरोन हेटमायर अपराध स्वीकार कर लिया और उन पर मैच फीस का 10त्न जुर्माना लगाया गया। जुर्माना पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज और दूसरे क्वालीफायर के मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ ने लगाया। हेटमायर ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार किया। आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है।

ओलंपिक क्वालिफायर

## मुक्केबाज सचिन सिवाच की जीत से शुरुआत, पहले दौर में मुकुका को हराया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्ट्रैंड्जा मेमोरियल के स्वर्ण पदक विजेता सिवाच ने पूरे मुकाबले के दौरान दबाव बनाए रखा और 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से भारत को जीत से शुरुआत कराई। राष्ट्रीय चैंपियन सचिन सिवाच ने दमदार प्रदर्शन करते हुए इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में शानदार शुरुआत की। सिवाच ने 57 किग्रा वर्ग के पहले दौर में न्यूजीलैंड के एलेक्स मुकुका पर जीत दर्ज की। स्ट्रैंड्जा मेमोरियल के स्वर्ण पदक विजेता सिवाच ने पूरे मुकाबले के दौरान दबाव बनाए रखा और 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से भारत को जीत से शुरुआत कराई।

### सिवाच ने दिखाई आक्रामकता

सिवाच ने पहले ही राउंड में अपनी इरादे जाहिर कर दिए और आक्रामकता बरतते हुए मुकाबले में नियंत्रण बनाया। दूसरे राउंड में मुकुका की वापसी की उम्मीद टूट गई क्योंकि भारतीय मुक्केबाज ने अपनी रणनीति में जरा भी बदलाव नहीं किया। दो राउंड आराम से अपने नाम करने के बाद सिवाच ने प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया।

### अभिमन्यु शनिवार को निकोलोव से भिड़ेंगे

सीनियर राष्ट्रीय कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु लौरा 80 किग्रा वर्ग के पहले दौर में शनिवार को बुल्गारिया के क्रिस्टियन निकोलोव से भिड़ेंगे। 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) और 2022 एशियन गेम्स के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (92+ किग्रा) को अपने-अपने वजन वर्ग में बाई मिला है। भारत ने दूसरे विश्व क्वालीफायर में सात पुरुष और तीन महिला मुक्केबाज उतारे हैं और सभी मुक्केबाजों को पेरिस ओलंपिक में स्थान पक्का करने के लिए सेमीफाइनल में जगह बनानी होगी।

यूरोप टूर

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन, स्थानीय डच क्लब से हारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कप्तान रोहित ( 18वां मिनट ), सौरभ आनंद कुशवाह ( 24वां मिनट ), अंकित पाल ( 32वां मिनट ) और अर्शदीप सिंह ( 58वां मिनट ) ने भारत के लिए गोल दागे। भारतीय टीम अब 28 मई को मोंशेंग्लाबाख में जर्मनी से खेलेगी। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम मौजूदा यूरोप दौरे के तीसरे मैच में स्थानीय डच क्लब ब्रेडासे हॉकी वेरेनिजिंग पुश से 495 से हार गई। पहले मैच में पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज करने के बाद भारत को बेल्जियम की जूनियर टीम ने पिछले मैच में 3-2 से हराया था। कप्तान रोहित ( 18वां मिनट ), सौरभ आनंद कुशवाह ( 24वां मिनट ), अंकित पाल ( 32वां मिनट ) और अर्शदीप सिंह ( 58वां मिनट ) ने भारत के लिए गोल दागे। मेजबान क्लब ने हालांकि आक्रामक शुरुआत करके पहले ही मिनट में गोल दाग दिया और दूसरे मिनट में बढ़त दोगुनी कर ली। भारत को दूसरे क्वार्टर में पेनाल्टी स्ट्रोक मिला जिस पर रोहित ने गोल किया। भारत की खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी क्योंकि डच क्लब ने फिर पेनॉल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। सौरभ ने पेनॉल्टी कॉर्नर पर गोल करके अंतर कम करने का प्रयास किया। ब्रेक के बाद दूसरे ही मिनट में अंकित ने गोल किया लेकिन डच टीम ने 42वें मिनट में गोल करके फिर बढ़त बना ली। अर्शदीप ने 58वें मिनट में गोल करके स्कोर 4-4 कर दिया। डच टीम ने आखिरी मिनट में गोल करके जीत दर्ज की। भारतीय टीम अब 28 मई को मोंशेंग्लाबाख में जर्मनी से खेलेगी।

### भारतीय महिला टीम प्रो लीग में दूसरा मैच हारी

भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरी पराजय झेलनी पड़ी और इस बार उसे बेल्जियम ने 2-0 से हराया। नए कोच हरेंद्र सिंह और कप्तान सलीमा टेटे के साथ भारतीय महिला टीम को बुधवार को पहले मैच में अर्जेंटीना ने 5-0 से हराया था। बेल्जियम के लिए दोनों गोल मैदानी थे जो 34वें मिनट में अलेक्सिया टी सरस्टेवेंस और दो मिनट बाद डेवाएट लुईस ने किए। भारत को अब शनिवार को बेल्जियम से खेलना है।

# युवराज सिंह के बाद शाहिद आफरीदी भी बने टी20 विश्व कप के ब्रांड एंबेसडर




**दुबई, एजेंसी।** आईसीसी ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद आफरीदी को टी20 विश्व कप का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। शाहिद अफरीदी इस मेगा इवेंट के लिए ब्रांड एंबेसडर्स की लिस्ट में टी20 के दिग्गज युवराज सिंह, क्रिस गेल और आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता धावक उसेन बोल्ट के साथ शामिल हो गए हैं।

आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में बताया, छह टी20 विश्व कप खेलने का अनुभव, जिनमें से दो में कप्तानी संभालने वाले शाहिद आफरीदी का प्रदर्शन शानदार रहा। आफरीदी ने लॉर्ड्स में फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के साथ पाकिस्तान की 2009 की जीत का नेतृत्व किया। उनका अनुभव और विश्व कप में प्रदर्शन सराहनीय है। आफरीदी ने कहा कि वह टी20 विश्व कप का हिस्सा बनकर खुश हैं और 9 जून को चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले के लिए उत्साहित हैं। आफरीदी ने कहा, मैं 9 जून को भारत बनाम पाकिस्तान मैच देखने के लिए विशेष रूप से उत्साहित हूं। यह खेल में महान प्रतिद्वंद्विता में से एक है और न्यूयॉर्क दो महान टीमों के बीच इस अविस्मरणीय मुकाबले के लिए एक उपयुक्त मंच होगा। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप एक ऐसा आयोजन है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। उद्घाटन संस्करण में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने से लेकर 2009 में ट्रॉफी जीतने तक, मेरे करियर के कुछ पसंदीदा आकर्षण इस मंच पर प्रतिस्पर्धा करने से आए हैं

। हाल के वर्षों में टी20 विश्व कप काफी मजबूत हुआ है और मैं इस संस्करण का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं, जहां हम पहले से कहीं अधिक टीमें, अधिक मैच और यहां तक कि अधिक ड्रामा देखेंगे। अगर शाहिद आफरीदी के टी20 इंटरनेशनल करियर पर नजर डालें तो यह शानदार रहा है। अफरीदी ने 99 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 1416 रन बनाए हैं। इसके साथ ही 98 विकेट भी लिए हैं।

आईसीसी महाप्रबंधक क्लेयर फर्लांग ने कहा, आफरीदी दुनिया भर में प्रशंसकों के पसंदीदा हैं। वो युवराज सिंह, क्रिस गेल और आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उसेन बोल्ट के साथ प्रशंसकों को टूर्नामेंट के करीब लाएंगे। यह अब तक का सबसे बड़ा टी20 विश्व कप होने वाला है।

टी20 विश्व कप 1-29 जून तक खेला जाएगा, जिसमें टेक्सास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में उद्घाटन मैच में सह-मेजबान यूएसए का मुकाबला कनाडा से होगा। 9 स्थानों पर 20 टीमों द्वारा कुल 55 मैच खेले जाएंगे, जिसका समापन 29 जून को बारबाडोस में फाइनल में होगा।

# भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने गोल्ड, मिक्स्ड टीम ने जीता सिल्वर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ कोरिया के येचिओन में चल रहे वर्ल्ड कप स्टेज-2 कंपाउंड आर्चरी में भारतीय महिला टीम को गोल्ड और मिक्स्ड टीम में सिल्वर मेडल मिला है। शनिवार को हुए विमेंस फाइनल में भारतीय टीम ने तुर्की को हराया, जबकि मिक्स्ड टीम को अमेरिका से हारा का सामना करना पड़ा।

विमेंस फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय तिकड़ी ने तुर्की की हेजल बुरुन, आयसे बेरा सुजर और बेगम की तिकड़ी को 232-226 से हराया।

आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2



### भारतीय तिकड़ी का वर्ल्ड कप में लगातार तीसरा गोल्ड

भारतीय तिकड़ी का यह वर्ल्ड कप में लगातार तीसरा गोल्ड है। इससे पहले इस तिकड़ी ने इसी साल की शुरुआत में शंघाई में हुए वर्ल्ड कप स्टेज-1 में इटली को हरा कर गोल्ड जीता था। इससे पहले पिछले साल पेरिस में हुए वर्ल्ड कप स्टेज-4 में भी गोल्ड जीता था। (बाएं से) परनीत कौर, सुरेखा वेन्नम और आदिति स्वामी की तिकड़ी ने लगातार तीसरी बार वर्ल्ड कप में गोल्ड जीता है।

### सेमीफाइनल में एसए को हराया था

इससे पहले सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम ने दुनिया की चौथे नंबर की टीम एसए को 233-229 से हराया था। वहीं तुर्की ने साउथ कोरिया को 234-233 से हराकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया था। भारतीय महिला टीम के लिए यह आसान सफर था। क्वालिफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर रहने के बाद टीम को क्वार्टर में बाई मिली थी। उन्होंने अंतिम आठ में इटली को 236-234 से हराया था।

भारत को मिक्स्ड टीम में सिल्वर मेडल मिला। ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी को कंपाउंड मिक्स्ड के फाइनल में अमेरिका की ओलिविया डीन और सॉयर सुलिवन की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा।

इससे पहले भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में 16 निशाने में से केवल 2 पॉइंट ही गंवाए। उन्होंने साउथ कोरिया की हान सेउंगयोन और यांग जेवोन की जोड़ी को 158-157 से हराया था।

### कंपाउंड मेंस सिंगल्स में मेडल की उम्मीद बरकरार

युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे भी व्यक्तिगत वर्ग में सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की उम्मीद कर रहे हैं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, रविवार 26 मई 2024



प्रशासन के निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों के संयुक्त दल ने जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर वहाँ बजाए जाने वाले लाउड स्पीकर को निर्धारित डेसीमल तक ही बजाए जाने की समझाइश दी गई।



## माडल साइंस कालेज में सम्पन्न हुआ एक दिवसीय राष्ट्रीय बेबीनार

**रीवा।** शहर के प्रतिष्ठित शासकीय आदर्ष विज्ञान महाविद्यालय के भौतिकषास्त्र विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय बेबीनार जो उच्च षिक्षा विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा प्रायोजित किया गया। बेबीनार का शीर्षक रिसेट ट्रेड इन फिजिकल साइंस रहा। बेबीनार का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो. आरती सक्सेना के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में बेबीनार की स्मारिका का विमोचन प्राचार्य, बेबीनार के समन्वयक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. यष कुमार सिंह, आयोजक सचिव डॉ. देवेन्द्र शर्मा विभाग के प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मी त्रिपाठी, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. अर्चना शुक्ला के द्वारा किया गया। बेबीनार में प्रमुख वक्ता के रूप में प्रो एस. के. त्रिपाठी महात्मागाँधी केन्द्रीय विष्वविद्यालय मोतीहारी बिहार रहे। जिन्होंने बायोवेस्ट के द्वारा ऊर्जा भण्डारन एवं संरक्षण पर अपना व्याख्यान दिया। जिसमें



उन्होने पदार्थ के जीवनकाल को समझाते हुए वेस्ट पदार्थों का वर्गीकरण जैविक, रसायनिक भौतिक और उनके गुणों के आधार पर तीन प्रकार से किया जिसमें बायोडिग्रेडेबल, नान बायोडिग्रेडेबल और हजार्डयस प्रमुख है। उन्होंने इफेक्टिव मटेरियल वेस्ट मैनेजमेन्ट स्टेऊटजी जिसमें 3-आर और 5-आर को समझाते हुए वेस्ट मैनेजमेन्ट पॉलिसी 1986, 1989, 1998, 2000 एवं 2006 के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी इसके बाद नगरीय निकायों में ठोस वेस्ट पदार्थों का विष्लेषण कर इसे कैसे वायोमास और वायोएनर्जी में परिवर्तित किया जा सकता है उसके बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की जो आज के समय में परम्परागत ईंधन स्त्रोत के अच्छे विकल्प सिद्ध हो सकते है मुख्यत: हाइथेन जो कि सीएनसी और हाईड्रोजन का विकल्प बन सकती है। एनर्जी सुपर कन्डक्टर, एनर्जी लिथियम बैटरी जिसमें ग्रेफीन आक्साइड एक्टिवेटेड चारकोल जिसे आम की गुठिलियों से बनाया जाता है एह एक अच्छा विकल्प आम जन मानस के लिए सिद्ध होगा। दूसरे प्रमुख वक्ता के रूपमें अटल बिहारी बाजपेयी हिन्दी विष्वविद्यालय भोपाल शैक्षणिक विभाग भौतिकी के प्रमुख डॉ. विजय कुमार मिश्र रहे जिन्होने भौतिकषास्त्र विषय में शोधार्थियों के लिए डाटा संग्रहण एवं उनको किन-किन विधियों के द्वारा प्रोसेस करके अपने परिणाम को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने सांख्यिकीय विधियों में मुख्य रूपसे माध्य विचलन विधि, सहसंबंध विधि आदि के बारे में विषेष व्याख्यान दिया। बेबीनार में देष विदेष से लगभग 300 प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण किया और बेबीनार में जुड़े रहे। शोध पत्र प्रस्तुतीकरण में मुख्य रूप से वेकंटेष्वर विष्वविद्यालय अमरोहा के अप्लाईड साइंस विभाग की प्राध्यापक डॉ. पवनजीत कौर, दिल्ली विष्वविद्यालय के भास्कराचार्य महाविद्यालय से इलेक्ट्रानिक साइंस विभाग के प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार, अवधेष प्रताप सिंह विष्वविद्यालय की शोध छात्रा विंध्या श्रीवास्तव, शासकीयमहाविद्यालय मनावर म.प्र. के प्राध्यापक डॉ. जीतेन्द्र सोलंकी आदि ने किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन आयोजक सचिव डॉ. देवेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संचालन डॉ. संदीप कुमार तिवारी द्वारा किया गया बेबीनार के सफलतापूर्वक संचालन में विभाग के समस्त प्राध्यापक डॉ. निखिलरंजन झा, डॉ. उमाकान्त शर्माविभाग के कर्मचारीएवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक डॉ. उमेष मिश्र,डॉ. अमिताभ मिश्रा, डॉ. अषोक मिश्रा, डॉ. राजेष भारती, डॉ. हबीब खान, डॉ. अमित सिंह, डॉ. पुष्पेन्द्र तिवारी, डॉ. संदीप शुक्ला, डॉ. संजय मिश्रा आदि का प्रषंसनीय सहयोग रहा।बेबीनार में तकनीकी सहयोग कम्प्यूटर सांइस विभाग के प्राध्यापक डॉ. आषीष सेन का रहा।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 1068985 क्विंटल गेंहू की खरीद

**रीवा।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिले में 25 मई तक 23357 किसानों से 1068985 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 256 करोड़ 55 लाख 64 हजार की राशि मंजूर की गयी है। उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 1004999 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 199 करोड़ 8 लाख 25 हजार 173 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 27119 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं।

## धार्मिक स्थलों में बजने वाले लाउड स्पीकर को निर्धारित डेसीमल तक बजाने की दी गई समझाइश



**रीवा।** प्रशासन के निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों के संयुक्त दल ने जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर वहाँ बजाए जाने वाले लाउड स्पीकर को निर्धारित डेसीमल तक ही बजाए जाने की समझाइश दी गई। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर जवा तहसील के पटेहरा स्थित मदीना मस्जिद, हुसैनी मस्जिद, गुढ़ स्थित मदीना एवं सैयदाना मस्जिद, गुढ़ स्थित कष्टहरनाथ मंदिर, त्योंथर के मस्जिद तथा रीवा शहर के बोदाबाग के अब्दुल हाफिस व बाणसागर कालोनी के नूरानी मस्जिद तथा पीटीएस स्थित हनुमान मंदिर का राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों के दल ने संयुक्त भ्रमण कर बजाए जाने वाले लाउड स्पीकर का वॉल्यूम निर्धारित डेसीमल तक रखने की समझाइश दी गई। उन्होंने पीटीएस हनुमान मंदिर में दो लाउड स्पीकर में से एक लाउड स्पीकर को हटाने के भी निर्देश दिए। संयुक्त दल ने निर्देशों का कड़ाई से पालन किए जाने के लिए संबंधितों से अपेक्षा की।

## छात्रवृत्ति के संबंध में बैठक 30 मई को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ावर्ग के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति की समीक्षा की जाएगी। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में यह बैठक 30 मई को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, डीईओ ट्राईबल, डीन मेडिकल कालेज, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, समस्त बीईओ, प्राचार्य इंजीनियरिंग कालेज, प्राचार्य पॉलिटेक्निक कालेज, प्राचार्य आईटीआई व सहायक संचालक पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

## लायंस क्लब्स इंटरनेशनल प्रांत 3233-सी के लायन अतुल जैन बने रीजन चेयरमेन

**रीवा।** लायंस क्लब्स इंटरनेशनल प्रांत 3233-सी के प्रांतीय अधिवेशन दुर्ग में आयोजित किया गया जिसमें लायन सुधीर जैन नवनिर्वाचित प्रांतपाल ने लायन अतुल जैन को रीजन चेयरमेन मनोनीत किया। लायन अतुल जैन के रीजन में रीवा, सतना, मैहर, कटनी के क्लब्स दिये गये हैं एवं साथ ही सीधी, शहडोल, ब्यौहारी, मऊगंज में नये क्लब खोलने की जबावदारी भी दी गई है। लायन अतुल जैन के लायनवाद में निरंतर 30 वर्षो से पीड़ित मानव सेवा में अपनी प्रतिबद्धता, सर्मपण लगन व सेवाभाव के साथ सेवा कार्य करने



के कारण दूसरी वार रीजन चेयरमैन बनाया गया है पूर्व में 2003-04 में भी रीजन चेयरमैन बनाया गया था यह पहला अवसर है जब किसी को दूसरी बार रीजन चेयरमैन का दायित्व सौपा गया है। लायन अतुल जैन को लायनवाद में निरंतर 30 वर्षो तक सेवा कार्य करने पर अर्न्तराष्ट्रीय अध्यक्ष लायन डा.पैटीहिल ने माइलस्टोन शेवरॉन अवार्ड प्रदान यिका। पूर्व में भी सेवा कार्यो में समर्पण हेतु म.प्र.के मुख्य मंत्री ने ''इक्सीलेंस मैन आफ दा ईयर'' के सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। श्रेष्ठ सेवा गतिविधियों के लिये भी अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट गर्वनर, रीजन चेयरमैन द्वारा विभिन्न अवसरों पर सम्मानित किया गया है। लायनवाद में अध्यक्ष सचिव के साथ-साथ प्रांतीय पदों का दायित्व सफलता पूर्वक निभाया है। लायन अतुल जैन लायन्स क्लब इंटरनेशनल के पदो के साथ अध्यक्ष नृत्यराघव सरस्वती स्कूल, उपाध्यक्ष भारत विकास परिषद व लायंस नेत्र चिकित्सालय, संभागीय अध्यक्ष, वैश्य महासम्मेलन म.प्र., जैन समाज, गौशाला, रेडक्रास सोसायटीने भी अपनी सहभागिता दे रहे हैं। राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता राज्य स्तरीय विज्ञान मेला, राज्य स्तरीय डाक टिकिट प्रतियोगिता में भी प्रतिनिधित्व किया है। लायन अतुल जैन के रीजन चेयरमैन बनने पर सुमित गुप्ता, प्रभात सिंह, डा.प्रभाकर चतुर्वेदी, संजय गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, डी.पी.सिंह परिहार, डा.अरुण अग्रवाल ने बधाई दी है।

## रीवा पुलिस ने जिलाबदर के कुख्यात बदमाश को पकड़ा

**रीवा।** बिछिया पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के कुख्यात अपराधी अभिषेक उर्फ प्रीतम कोल पिता अरुण कोल 22 वर्ष निवासी ललपा थाना बिछिया को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के खिलाफ जिला दण्डाधिकारी ने 31 अक्टूबर 2023 के माध्यम से जिला रीवा एवं उससे लगे सीमावर्ती जिले मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, सतना की राजस्व की सीमाओं से एक वर्ष के लिए निष्कासित किया था, इसके बावजूद वह शहर में घूम रहा था।





बिछिया पुलिस ने मुखबिर सूचना पर ललपा बस्ती से आरोपी गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया।

आरोपी के विरूद्ध पूर्व से थाना बिछिया एवं शहर के थाना अमहिया रीवा में वर्ष 2018 से अब तक हत्या, गाली गलौज, मारपीट, गुण्डागर्दी, शराब पीने के लिये जबरन पैसे मांगना नहीं देने पर मारपीट व अवैध रूप से शराब की बिक्री करने जैसे भा.द.वि. के 08 माईनर एक्ट के 03 जा. फौ. कार्यवाही के 02 सहित कुल 13 प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

## महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक 29 मई को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 29 मई को महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे आरंभ होगी। बैठक में लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, मातृ वंदना योजना, पोषण आहार वितरण, मंगल दिवस तथा अन्य विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## स्नेह पेट्रोल पंप खुटेही को अस्थाई रूप से किया गया सील

**रीवा।** शहर के खुटेही मोहल्ले में स्थित स्नेह पेट्रोल पंप को प्रशासन द्वारा अस्थाई रूप से सील कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पेट्रोल पंप के आसपास के लोगों ने शिकायत की थी कि उनके घरों के बोरवेल से गंधयुक्त पानी आ रहा है तथा उसका स्वाद भी बदला हुआ है। यह शिकायत लोगों के स्वास्थ्य जुड़ी हुई थी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा परीक्षण किया गया तथा पानी का सेम्पल





लेकर उसे जाँच हेतु भेजा गया है। जाँच रिपोर्ट आने तक स्नेह पेट्रोल पंप को प्रशासन द्वारा अस्थाई रूप से सील कर दिया गया है।

## मऊगंज जिले में मतगणना दिवस को बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना 4 जून को शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में होगी। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने मतगणना दिवस 4 जून को पूरे दिन मऊगंज जिले में मदिरा की दुकानें बंद रखने के आदेश दिए हैं। प्रतिबंध की अवधि में मदिरा का क्रय, विक्रय एवं परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

## रीवा जिले में मतगणना दिवस में शराब की बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

रीवा

जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना 4 जून को होगी। मतगणना दिवस में शराब की बिक्री, परिवहन, भण्डारण, शराब वेयरहाउस एवं बॉटलिंग यूनिट पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत मतगणना दिवस 4 जून को सभी देशी तथा विदेशी शराब की मदिरा दुकानें बन्द रहेंगी। प्रतिबंध की अवधि में मदिरा का क्रय-विक्रय, परिवहन एवं भण्डारण पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने वालों पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

## सीलिंग हेतु विधानसभावार लगाई गई ड्यूटी

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना 4 जून को शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में की जाएगी। मतगणना के पश्चात ईव्हीएम के कंट्रोल यूनिट व अन्य अभिलेखों की सीलिंग हेतु सीलिंग प्रभारी अधिकारी के साथ सहायकों की विधानसभावार ड्यूटी लगा दी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि संबंधित जन मतगणना दिवस को प्रातः 7 बजे से कार्य समाप्ति तक कंट्रोल यूनिट व अन्य अभिलेखों की सीलिंग का कार्य संपादित करेंगे।

## 47.89 करोड़ रूपये से बनाया जा रहे सीएम राइज भवन निर्माण



रीवा

जिले में 12 सीएम राइज स्कूलों को प्रथम चरण में स्वीकृति शासन स्तर से प्राप्त हुई है। शासन की अतिमहत्वपूर्ण योजना के तहत सीएम राइज विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 47.89 करोड़ रूपये की लागत से बनाये जा रहे सीएम राईज पीके स्कूल के भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा निर्माण विभाग के अधिकारियों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि 47.89 करोड़ रूपये से सीएम राइज पीके का निर्माण कार्य दिसंबर 2023 से प्रारंभ हो चुका है तथा जून 2025 तक यह कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। निर्माणाधीन भवन में जी अ3 अन्तर्गत 76 क्लासरूम, 500 सीटर आडिटोरियम, छात्रावास, मिड डे मील भवन के साथ टेनिस कोर्ट तथा क्रिकेट बाक्स का निर्माण कराया जायेगा। स्कूल से लगे क्षेत्र में प्ले ग्राउण्ड भी होगा। कलेक्टर ने भवन निर्माण की प्रगति से अवगत होते हुए कार्य को और गति देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री पीआईयू केके तिवारी, सहायक यंत्री संजीव कालरा, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता, प्राचार्य पीके स्कूल वरूणेन्द्र प्रताप सिंह सहित पीआईयू के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आईईसी टीम ने किया सिंगल यूज प्लास्टिक बैन को लेकर शहर में जागरुकता अभियान

**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार आज दिनांक 25/05/24 को नगर निगम की आईईसी टीम ने शहर के व्यावसायिक क्षेत्र में जागरुकता अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य लोगो को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान के बारे में जागरुक करना एवं इसे इस्तेमाल न करने के लिए प्रेरित करना। आईईसी टीम ने शहर के विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्र का दौरा किया जिनमे बाजार, दुकानें आदि शामिल थी टीम ने उनसे बात की और उनको सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान की जानकारी दी गई। टीम ने लोगो को सिंगल यूज के विकल्पों के बारे में बताया जैसे





कपड़े से बने बैग, स्टील के डिब्बे, कांच की बोतले टीम ने इन विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित भी किया और उनको बताया गया कि पर्यवरण को बचाने में कैसे मद्द कर सकते है। आईईसी टीम के कार्य को लोगो ने काफी सराहा है। यह आभियान शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नगर निगम इस अभियान को लगातार जारी रखेगा और लोगो को सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में जागरुक करता रहेगा। इस अभियान में आईईसी टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## आस्ताना अस्तबल उर्स कमेटी की बैठक आज

**रीवा।** कौमी एकता अस्तबल कमेटी के संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता गफूर खांन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आगामी 1 जून 2024 से 3 जून 2024 तक तीन दिवसीय हजरत शहीद अब्दुल्लाह शाह रह.अलैह अस्तबल वाले का उर्स ए मुबारक का आयोजन किये जाने हेतु जिले के प्रबुद्ध सर्वधर्म के लोगों के साथ आज 26 मई 2024 को सायं 5 बजे आस्ताना अस्तबल में अमहिया, बोदाबाग, हमिदिया कालोनी, बाणसागर, पोखरी टोला, निपनिया, धोघर, बिछिया, तरहटी, रतहरा आदि कौमी एकता अस्तबल कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को उर्स आयोजन को लेकर आमंत्रित किया गया है। सभी आपेक्षित पदाधिकारियों एवं सदस्यों से बैठक में पहुंचने की अपील की गई है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833